राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

RNI No. -DELHIN/2017/76338

# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

W ebsite : faridabadkiawaz.com

वर्ष : 05 अंक : 14 दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 28 फरवरी-5 मार्च 2022

मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8



## देश की आवाज़

### मन की बात

## पिछले सात साल में 200 से अधिक बहुमूल्य प्रतिमाओं को भारत वापस ला चुका है-पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान जहां आम देशवासियों से उनके विचार जाने हैं वहीं अपने भी विचार उनसे साझा किए हैं। इस कार्यक्रम में उन्होंने रूस और यूक्रेन की लड़ाई पर भी चिंता जताई।**

**फरीदाबाद की आवाज**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 86वें एपिसोड में देश और दुनिया के सामने आ रही चुनौतियों का जिक्र किया है। इस ऐपिसोड से पहले उन्होंने देशवासियों से उनके विचार भी मांगे थे। अपने एक ट्वीट में उन्होंने लोगों से कहा था कि वो 27 फरवरी को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए अपना रिकार्ड मैसेज या विचार नमो एप पर भेजें। हर बार की तरह पीएम मोदी इस बार देश के आम लेकिन कुछ खास लोगों से बात करेंगे। ये एपिसोड ऐसे मसय में हो रहा है जब रूस और यूक्रेन के बीच भीषण जंग जारी है। इसका खामियाजा पूरा विश्व उठा रहा है। हजारों की संख्या में भारतीय भी यूक्रेन में फंसे हुए हैं और



मुश्किल हालातों में अपना जीवन गुजार रहे हैं। वहीं भारत सरकार की पहली प्राथमिकता वहां मौजूद भारतीयों को सुरक्षित वापस लाना है। इसके लिए भारत ने विशेष विमानों के जरिए अपनी पहल भी शुरू कर दी है। अब तक यूक्रेन में फंसे सैकड़ों लोगों को स्वदेश वापस लाया जा चुका है। अन्यों को वहां से लाने की भी पूरी तैयारी है। इस बीच पीएम मोदी ने दोनों पक्षों से शांति की अपील की है। उनका कहना है कि दोनों के बीच किसी भी विवाद को बातचीत के जरिए ही सुलझाना चाहिए। आपको बता दें कि मन की बात की पहली कड़ी 3 अक्टूबर 2014 को प्रसारित की गई थी। तब से लेकर आज तक ये कार्यक्रम निरंतर प्रसारित किया जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों का सुझाव लेकर बात करते हैं। इसमें वो लोग भी शामिल किए जाते हैं जिन्होंने अपने काम से लोगों के जीवन में कुछ बेहतर करने का प्रयास किया है।

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का ट्विटर अकाउंट हैक, हैकर्स ने लिखा- रूस को मदद चाहिए... क्रिप्टोकरेंसी में मांगा डोनेशन

**फरीदाबाद की आवाज**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद जेपी नड्डा का ट्विटर अकाउंट रविवार सुबह हैक हो गया। हालांकि, कुछ समय बाद ही इसे रीस्टोर कर लिया गया। हैकर्स ने ट्वीट में लिखा , सॉरी मेरा, अकाउंट हैक हो गया। यहां रूस को दान करने के लिए क्योंकि उन्हें मदद की जरूरत है। हैकर्स ने प्रोफाइल का नाम बदलकर



ICG OWNS INDIA भी कर दिया था। अब ये ट्वीट डिलीट कर दिए गए हैं। नड्डा का ट्विटर अकाउंट हैक करने के बाद रूस और यूक्रेन की मदद के लिए क्रिप्टोकरंसी में दान की अपील की गई।

एक अन्य ट्वीट में कहा गया रूस के लोगों के साथ खड़ा होना होगा। अब क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन और एथरम से भी मदद ली जाएगी। हैक अकाउंट से यूक्रेन की मदद को लेकर भी ट्वीट किया गया। इसमें कहा गया कि मेरा अकाउंट हैक नहीं हुआ है। सभी दान यूक्रेन की सरकार को दिया जाएगा।

PM मोदी का भी ट्विटर अकाउंट हो चुका है हैक

कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर हैंडल में भी हैकर्स ने सेंध लगा दी थी। पीएमओ की ओर से बताया गया कि अकाउंट रीस्टोर करने के बाद यह मामला माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर के समक्ष उठाया गया है। पीएमओ ने ट्वीट किया, पीएम नरेंद्र मोदी का ट्विटर हैंडल कुछ देर के लिए हैक हुआ। यह मामला ट्विटर के सामने उठाया गया और अकाउंट को भी तुरंत ही रीस्टोर कर के सुरक्षित कर दिया गया है। हैक किए जाने के कुछ मिनटों में शेयर हुए ट्वीट पर ध्यान न दें।

### सम्पादकीय

## ई-शिक्षा के संकट

भारत इंटरनेट की सुस्त रफ्तार की समस्या से भी परेशान है। इस मामले में भारत एक सौ चौंतीस देशों की सूची में एक सौ उनतीसवें स्थान पर है जो पड़ोसी पाकिस्तान, श्रीलंका से भी पीछे है। कोरोना काल में इस मामले में भी सुधार तेजी से होता दिखाई तो दिया, मगर देश की ढाई लाख पंचायतें और साढ़े छह लाख गांवों में शत-प्रतिशत इंटरनेट पहुंच कब बनेगी, इसका कोई अंदाजा नहीं है।



दिनेश शर्मा

शिक्षा का उद्देश्य उसे अधिक शिष्य केंद्रित, आनंदायक, प्रयोगात्मक व खोजोन्मुख बनाना होना चाहिए। शायद इसी की खोज हर शिक्षा नीति और हर तरीके के पाठ्यक्रम में कमोबेश होती रही है। पर शिक्षा और शिक्षण पद्धति को लेकर एक विचित्र विरोधाभास और दुविधा की स्थिति भी रही है। एक आदर्श और गुणकारी शिक्षा व्यवस्था में कौनसे तत्व शामिल होने चाहिए, इसे लेकर आजादी के पचहत्तर सालों में कोई एक निश्चित धारणा शायद ही बन पाई हो। नतीजन इस अनिश्चितता का भरपूर दंड हर नई पीढ़ी कमोबेश भुगतती रही है और अब कोविड-19 के इस दौर में बीते दो साल से आनलाइन शिक्षा तो मौजूदा पीढ़ी को एक नया सबक सिखा रही है जहां शिक्षा एक नए संघर्ष के साथ मानसिक संतुलन भी बरकरार रखने की कवायद लिए रही है।

मौजूदा वैश्विक महामारी के दौर में संचार, नेतृत्व और नीति-निर्माताओं, प्रशासन व समाज के बीच तालमेल के जरूरी तत्व के रूप में डिजिटल व्यवस्था की केंद्रीय भूमिका हो गई है। डिजिटल का यह दायरा कोविड-19 से संबंधित योजनाओं के ज्यादा पारदर्शी, सुरक्षित और अंतर प्रचालनीय ढंग से प्रसार हेतु महत्त्वपूर्ण औजार बनते देखा जा सकता है, मगर संदर्भ कुछ इसके उलट भी रहे हैं। देखने को मिला है कि शिक्षा मंत्रालय को अभिभावकों की ओर से थोक में शिकायतें भी मिलीं, जिसमें बच्चों को विद्यालयों की ओर से घंटों आनलाइन पढ़ाया जाना, गृह कार्य के अनुपात को भी बरकरार रखना और दिन भर कंप्यूटर, लैपटाप और मोबाइल से बच्चों का चिपके रहना। जाहिर है, अनावश्यक व्यस्तता के चलते व्यवहार में बदलाव होना स्वाभाविक था।

इससे सीखने की न केवल क्षमता घटी, बल्कि बच्चों में चिड़चिड़ापन भी आने लगा। हालांकि महामारी के समय शिक्षा को संभालने में ई-लर्निंग एक महत्त्वपूर्ण विकल्प के रूप में सामने आया। इसी की बदौलत कोरोनाकाल में लगभग पूरी शिक्षा व्यवस्था को बेपटरी होने से बचाए रखने में मदद मिली। गौरतलब है कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के उभार ने शिक्षण विधियों, विश्वविद्यालयी प्रशासन प्रणालियों, उच्च शिक्षा संबंधी लक्ष्यों और भविष्य में स्थापित होने वाले विश्वविद्यालयों के संदर्भ में एक नया दृष्टिकोण अपनाने का अवसर भी दिया है। इसीलिए भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में डिजिटल विश्वविद्यालय खोलने का एलान किया। जब भी सुशासन को कड़ीबद्ध करने का प्रयास किया जाता है तो इसमें यह सुनिश्चित करना भी शामिल रहता है कि लोक व्यवस्था की भरपाई में कोई कमी न रहे और लोक विकास को पूरा अवसर मिलता हो। ई-शिक्षा के माध्यम से क्या सभी को अवसर मिला, यह सवाल आज भी कहीं गया नहीं है।

## मुंबई में टाटा ग्रिड फेल होने के चलते बिजली का संकट

**अंधेरी से चर्च गेट तक बंद हुई लोकल ट्रेन सेवा**

**मुंबई।** रविवार यानी आज मुंबई के अधिकांश हिस्सों में बिजली गुल है। बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (BEST) PRO ने जानकारी देते हुए, बताया कि मुलुंड-ट्राम्बे पर MSEB 220k1 ट्रांसमिशन लाइन के ट्रिपिंग के कारण मुंबई के अधिकांश हिस्सों में बिजली चली गई। बिजली की आपूर्ति ना होने से लोग और यातायात बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

**मुंबई लोकल ट्रेनें ठप**

बिजली गुल होने के कारण मुंबई लोकल ट्रेनें ठप हो गई है। पश्चिम रेल्वे ने बताया कि अंधेरी और चर्चगेट के बीच सुबह 9.42



बजे से बिजली आपूर्ति नहीं हुई है, जिसके कारण लोकल ट्रेन की आवाजाही प्रभावित है।

**अधिकारियों ने दी जानकारी**-अधिकारियों ने कहा कि दक्षिण मुंबई में और जल्द ही मध्य मुंबई में बिजली धीरे-धीरे बहाल की जा रही है।

## जेलों में बंद बुजुर्ग कैदी किए जाएंगे रिहा? सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को दिया रिहाई पर विचार करने का आदेश

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की जेलों में बंद उन कैदियों के लिए राहत भरी खबर है, जो सजा के 14 वर्ष पूरे कर चुके हैं या जिनकी उम्र 60 वर्ष या अधिक है। सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में कैदियों की भरमार और उनकी सुनवाई न होने को देखते हुए यूपी सरकार को इनकी रिहाई पर विचार का आदेश दिया है। यूपी में सात हजार से ज्यादा कैदी ऐसे हैं, जो दस वर्ष से ज्यादा समय से जेलों में हैं। कोर्ट ने कहा कि सरकार दंड विराम (धारा 433 ए के तहत) कमेटी बनाकर ऐसे मामलों को स्वतः विचार के लिए ले। कोर्ट ने यह निर्देश स्वतः संज्ञान पर लिए गए मामले में दिया। हाल में सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में एक मामला लाया गया, जिसमें हाई कोर्ट ने



**सरकार दंड विराम (धारा 433 ए के तहत) कमेटी बनाकर ऐसे मामलों को स्वतः विचार के लिए ले। कोर्ट ने यह निर्देश स्वतः संज्ञान पर लिए गए मामले में दिया। हाल में सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में एक मामला लाया गया,**

जमानत पर सुनवाई से इनकार कर दिया क्योंकि वकील तैयारी से नहीं आए थे। कोर्ट मामले को शीघ्र निपटाना चाहता था, क्योंकि आरोपी 17 वर्ष से जेल में था। कोर्ट ने यह निर्णय कैदियों की सुध लेने वाला नहीं होने, निर्धनता, वकीलों के पेश नहीं होने के चलते लिया।

इलाहाबाद हाई कोर्ट में पौने दो लाख से ज्यादा आपराधिक अपील लंबित हैं। यूपी में यह पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर इसे अन्य राज्यों में लागू किया जा सकता है। हाई कोर्ट में जजों की अधिकृत संख्या 160 है, लेकिन 67 पद रिक्त हैं।

इस मामले में जेल प्रशासन की भूमिका अहम है, क्योंकि जेलर को पता होता है कि किस कैदी ने कितनी सजा काट ली है और किसी उम्र 60 साल या उससे ज्यादा है। इसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वह 14 साल की सजा पूरी कर चुके और बुजुर्ग कैदियों की सूची तैयार कराए। साथ ही उनके मामले में त्वरित रिहाई के लिए राज्य प्रिजन रिलीज कमेटी को भेजे।

## दिल्ली में फरवरी में बारिश ने सात साल का रिकॉर्ड तोड़ा

**इस महीने अब तक हुई 28.7 मिलीमीटर बारिश**

**फरीदाबाद की आवाज**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जनवरी के बाद अब फरवरी में भी बारिश का रिकॉर्ड टूट रहा है। शुक्रवार की रात दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। इसके साथ ही दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अब तक फरवरी महीने में 28.7 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है। यह वर्ष 2014 के फरवरी महीने के बाद सबसे ज्यादा है।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में शुक्रवार के दिन खासी गर्मी रही थी, लेकिन शाम तक मौसम में बदलाव



देखने को मिलने लगा। शाम सात बजे के बाद दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की बारिश की शुरुआत हुई, जबकि रात साढ़े ग्यारह बजे के बाद दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की ओलावृष्टि भी रिकॉर्ड की गई। तेज हवा के साथ हुई इस बारिश के चलते तापमान में तो गिरावट आई है, फरवरी में होने वाली बारिश ने भी अलग रिकॉर्ड बनाया है।

**जनवरी में भी रिकॉर्ड बारिश हुई** - दिल्ली में फरवरी के महीने में आमतौर पर 18 मिलीमीटर बारिश होती है। इस बार फरवरी महीने में 28.7 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 85 फीसदी ज्यादा है। इससे पहले जनवरी में भी रिकॉर्ड बारिश हुई थी। जनवरी सामान्य तौर पर 21.7 मिलीमीटर बारिश होती है। लेकिन, इस बार 88.2 मिलीमीटर बारिश हुई।

## यूक्रेन में तबाही मचा रहा रूस, उड़ा दी गैस पाइपलाइन, लाखों ने छोड़ा देश

**फरीदाबाद की आवाज**

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध का आज चौथा दिन है। यूक्रेन के आंतरिक इलाकों में रूस की सेना प्रवेश कर गई है और तबाही मचा रही है। रूस की सेना ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में एक गैस की पाइपलाइन उड़ा दी। वहीं जर्मनी और फ्रांस ने यूक्रेन की मदद का आश्वासन दिया है। जानकारी के मुताबिक रूस की सेना कीव से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर एक नदी के किनारे रुकी है। वहीं यूक्रेन के सैनिकों ने शहर के किनारे-किनारे घेराबंदी कर रखी है।

**बमबारी में मारे जा रहे लोग**

रूस की सेना यूक्रेन के कई इलाकों में बमबारी कर रही है। ऐसे में न केवल यूक्रेन



के लोगों की जान जा रही है बल्कि दूसरे देशों के भी कई नागरिक बमबारी का शिकार हो रहे हैं। इस युद्ध में ग्रीस के 10 लोग मार दिए गए। ग्रीस ने रूस के राजदूत को इस मामले में तलब किया है।

**यूक्रेन का दावा, रूस की सेना को पहुंचाया बड़ा नुकसान**

एक तरफ रूस आक्रमण कर रहा है तो दूसरी तरफ यूक्रेन ने भी दावा किया है कि उसने 3500 रूसी सैनिकों, 14 विमानों और 8 हेलिकॉप्टरों को ढेर कर दिया है। यूक्रेन ने विमान गिराने की तस्वीरें भी जारी की हैं। रात में यूक्रेन और रूस के बीच का युद्ध और भी भीषण हो गया था। कीव में शनिवार को कुछ जगहों पर गोलीबारी हुई। इस युद्ध में यूक्रेन में पुलों और इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन में बहुत सारे आम नागरिक भी रूसी सेना के खिलाफ कमर कस चुके हैं। उनका कहना है कि रूस की सेना बेकसूर लोगों पर वार कर रही है। वहीं रूस का दावा है कि वह केवल सैन्य ठिकानों को ही निशाना बना रहे हैं। यूक्रेन से लोग अपना घर बार छोड़कर दूसरे देशों में पलायन कर रहे हैं। यूक्रेन से लगभग 1 लाख 20 हजार लोग पोलैंड, मोल्दोवा और अन्य पड़ोसी देश जा चुके हैं।

## उम्रभर निशुल्क दवा देने की मांग, दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका पर 'आप' सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** किडनी प्रत्यारोपण के बाद मरीज जीवन भर निन्शुल्क जरूरी और जीवन रक्षक दवा पाने का हकदार है या नही, इस बारे में दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने किडनी प्रत्यारोपण के बाद जरूरी दवा का खर्च उठा पाने में असमर्थ दो मरीजों की ओर से दाखिल याचिका पर विचार करते हुए यह आदेश दिया है।

मरीजों ने प्रत्यारोपण के बाद प्रयोग होने वाली जरूरी दवा निशुल्क मुहैय्या कराने की मांग की है। जस्टिस वी. कामेश्वर राव ने दिल्ली सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। सरकार की ओर से अतिरिक्त स्थायी वकील गौतम नारायण ने नोटिस स्वीकार करते हुए कहा कि इस बारे में जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे।

हाई कोर्ट ने सुरेंद्र कुमार और राज कुमार सिंह की ओर से दाखिल याचिका पर यह आदेश दिया है। साथ ही बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 31 मार्च को तय की है।

मरीजों की ओर से वकील अशोक अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि उनके एक



मुवक्किल का 2016 में और दूसरे का 2017 में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) किडनी का प्रत्यारोपण हुआ। इसके बाद करीब दो साल तक एम्स ने मरीजों को सभी जरूरी दवाई मुहैय्या कराई, लेकिन पिछले करीब एक साल से अधिक समय से यह बंद कर दिया है। अग्रवाल ने कहा कि दोनों मरीज अत्यंत गरीब होने के साथ जीवन बचाने के लिए जरूरी जीवन रक्षक दवा का खर्च उठाने में असमर्थ है। याचिका में कहा गया है कि एम्स के डॉक्टर ने याचिकाकर्ता राज कुमार सिंह को सेलसेप्ट और सुरेंद्र कुमार को सेलसेप्ट के अलावा टेक्रोग्राफ दवा जीवनभर खाने का सुझाव दिया है। ऐसे में सरकार को निशुल्क दवाइयां मुहैय्या कराने का आदेश दिया जाए। अग्रवाल ने जीवन जीने के अधिकारों का हवाला देते हुए कहा है कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वे नागरिकों की जीवन की रक्षा करे।

**यह है मामला**-कोर्ट के आदेश पर दिल्ली सरकार ने राज कुमार सिंह और सुरेंद्र कुमार के प्रत्यारोपण पर हुए खर्च का भुगतान किया। याचिकाकर्ता ने कहा है कि दवाइयों पर हर माह 10 हजार रुपये से अधिक का खर्च आ रहा है और उनके मुवक्किल की आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि वे इसका वहन करने में असमर्थ हैं।

# ससुरालियों की ज्यादती से तंग विवाहिता घर के बाहर बैठने को हुई मजबूर



**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** मेवला महाराजपुर में ससुरालियों की ज्यादती से तंग एक विवाहिता घर के बाहर खड़ी होकर पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाने को मजबूर है, लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस प्रशासन इस मामले में पूरी तरह से मौन बना बैठा है और महिला की शिकायत के बावजूद ससुरालियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। पीड़ित महिला ने ससुरालियों पर दहेज प्रताडऩा के अलावा अन्य प्रकार की यातनाएं देने का भी आरोप लगाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश की रहने वाली पिंकी चौधरी की शादी करीब एक साल पहले मेवला महाराजपुर निवासी वरूण बैंसला से हुई थी। शादी के दौरान परिजनों ने अपनी क्षमता अनुसार दान दहेज देकर पिंकी को विदा किया था परंतु ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर अक्सर उसे तंग करने लगे। करीब तीन महीने पहले उसे सिर में दर्द हुआ, जांच करने पर डाक्टरों ने उसे ब्रेन हेमरेज बताया और आप्रेशन की सलाह दी। जिस पर ससुराल पक्ष के लोग उसे घर ले आए और दो दिन तक कमरे में बंद रखा, जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब हुई थी ससुराल वाले उसे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने आप्रेशन के 15-20 लाख रूपए खर्चा बताया, जिस पर ससुरालियों ने लडक़ी को अस्पताल में छोडक़र चले गए तथा बाद में शादी करवाने वाले बिचौलिए को खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि उसने उन्हें बीमार लडक़ी दिलवा दी। मामले की जानकारी मिलने पर लडक़ी पक्ष के लोगों ने अस्पताल पहुंचकर लडक़ी का आप्रेशन करवाया और आज जब वह बिल्कुल ठीक है और अपने ससुराल वापिस आना चाहती है तो ससुराल वाले उसे घर में घुसने नहीं दे रहे। पिंकी ने बताया कि वह और उसके परिजन पिछले तीन दिन से यहां ससुराल के बाहर डेरा जमाए हुए है, लेकिन ससुराल पक्ष के लोगों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही और वह घर का दरवाजा भी नहीं खोल रहे। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस प्रशासन भी इन लोगों के आगे बेबस नजर आ रहा है। पिंकी चौधरी ने कहा कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की बात करते है, जबकि आज एक बेटी अपने सम्मान की लड़ाई के लिए सडक़ पर बैठी है, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने मुख्यमंत्री व गृहमंत्री से मांग करते हुए कहा कि वह इस मामले में संज्ञान लेते हुए ससुरालियों के खिलाफ कार्यवाही करें, अन्यथा वह धरना प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेगी।

# वन स्टॉप सैन्टर पीड़ित महिलाओं के लिए वरदान-रेनू भाटिया

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा महिला आयोग की चैयरमैन रेनू भाटिया ने कहा कि वन स्टॉप सैन्टर में आई महिलाओं के लिए रहने,खाने,पीने और क्रिमिनल एक्टिविटी के दौरान महिलाओं को सुरक्षित रखने में पीड़ित महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है।

हरियाणा महिला आयोग की चैयरमैन रेनू भाटिया आज शनिवार को नागरिक अस्पताल बी.के. में स्थित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर रही थी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी जिलों में वन स्टॉप सैन्टर केन्द्र सरकार द्वारा पीड़ित महिलाओं के लिए खोले गए हैं। जिला फरीदाबाद में वन स्टॉप सैन्टर पीड़ित महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां पर पीड़ित महिलाओं को पुलिस पूरी सुरक्षा मिल रही हैं। वन स्टॉप सैन्टर पीड़ित महिलाओं की कॉउंसलिंग करवा कर उनके परिजनों और रिश्तेदारों को सुपुर्द की जाती है। यहां पर कार्यरत सभी अधिकारी और कर्मचारी पीड़ित महिलाओं के लिए बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

वन स्टॉप सैन्टर की ईन्चार्ज मीनू यादव के बताया कि नागरिक अस्पताल बीके में स्थित वन स्टॉप सेंटर जिला मे उपायुक्त जितेन्द्र यादव के निर्देशन मे महिला एंव बाल



विकास विभाग के द्वारा पीड़ित महिलाओं को सभी सुविधाएं दी जा रही हैं। इन सुविधाओं में पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता, कानूनी परामर्श, मनोवैज्ञानिक परामर्श तथा अस्थाई आश्रय की सुविधाएं एक स्थान पर उपलब्ध कराने के उदेश्य से वन स्टॉप सेंटर स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिलाएं केन्द्र मे शिकायत महिला हेल्पलाइन 181, 0129-2421006 के माध्यम से दर्ज करा सकती है।। उन्होंने आगे बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार,नई दिल्ली के जरिए नागरिक अस्पताल बीके में वन स्टॉप सेंटर पिछले करीब पौने दो वर्ष पहले स्थापित किया गया था। वैसे सरकार द्वारा वन स्टॉप सैंटर वर्ष 2016 में शुरू किया गया था। सखी नाम से विख्यात वन स्टॉप सेंटर के द्वारा किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है। वन स्टॉप सेंटर के द्वारा घरेलु हिंसा, बलात्कार से पीडित, महिला तस्करी, बाल यौन शोषण, बाल विवाह, दहेज़ उत्पीड़न, एसिड अटैक, गुमशुदा सहित अन्य प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को क़ानूनी परामर्श, क़ानूनी सहायता, मेडीकल सहायता, पुलिस सहायता, मनोचिकित्सक सामाजिक सरोकार की परामर्स दी जाती है। वन स्टॉप सेंटर में 5 दिनों तक अस्थाई आश्रय देकर ये सभी प्रकार की सहायता एक ही छत के नीचें प्रदान की जाती है। जिला में यह सेंटर महिलाओं के लिए काफी लाभकारी साबित हो रहा है। यह वन स्टॉप सेंटर महिलाओ के लिए बहुत बड़ा स्पोर्ट सिस्टम है। यहाँ महिलाएं स्वयं को बहुत सुरक्षित महसूस करती है,क्योंकि यहाँ महिलाओ की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है। यहाँ पर पीड़ित महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक व मानसिक तौर पर सशक्त करने के लिए उनका मार्गदर्शन व हर प्रकार का सहयोग किया जाता है। वन स्टॉप सेंटर की इन्चार्ज डॉ मीनू यादव ने बताया कि सेंटर के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए समय समय पर विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इसके आलावा जिला के सभी पुलिस थानों के पुलिस कर्मचारयों के साथ भी सेंटर के अधिकारी बैठकें करते रहते है।

# मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत चल रहे कार्यो में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी-परिवहन मंत्री

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़, 25 फरवरी। प्रदेश के परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने आज शुक्रवार को मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत बल्लभगढ़ विधानसभा में चल रहे समस्त कार्यों को लेकर के नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में चल रहे विकास कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली और उसके बाद अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं कि वह समस्त कार्यों को समय से पूरा कराएं अन्यथा कार्यवाही के लिए भी तैयार रहें।

परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत चल रहे कार्यो में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी पूरी गुणवत्ता के साथ कार्यों को जल्द पूरा करें। उन्होंने खासकर बल्लभगढ़ के मोहना रोड के साथ बनाए जा रहे आरएमसी नाले के कार्य को भी बरसात से पहले पहले पूरा करने की बात कही अधिकारियों ने कहा कि नाली निर्माण में अपनी 1 से 2 महीने का समय लगेगा नाले का 80त्न कार्य पूरा हो चुका है।उन्होंने कहा कि कोरोना समय और एनजीटी के नियमो को देखते हुए काफी समय तक नाले का निर्माण कार्य बंद रहा था अब नाले पर कार्य चला हुआ है। इसके अलावा वार्ड 4 के सेक्टर 22 में बनाया जा रहा इंडोर स्टेडियम के काम को भी जल्द पूरा करने की बात कही। इसमे अलावा बैठक में सेक्टर 3 से तिगांव रोड तक बनाई जा रही चार लाइन सड़क के कार्य को भी जल्द पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए ताकि मार्च माह में इन कार्यों को पूरा होने के बाद जनता को समर्पित किया जा सके। परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के लघु सचिवालय व महिला कॉलेज के निर्माण कार्य को भी जल्द से जल्द पूरा कराए जाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईन प्रदीप सिद्धू को दिशा निर्देश दिए हैं और कहा है कि जल्द ही वह कार्यों को पूरा करा दें, इन दोनों इमारतों का प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल लोकार्पण करेंगे। उससे पहले यह समस्त कार्य पूरे होने चाहिए। इस मौके पर परिवहन मंत्री के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा, मुख्यमंत्री शिकायत समिति बल्लबगढ के सदस्य पारस जैन, नगर निगम के अधिकारियों में एससी ओमबीर सिंह, एक्सईन अमरजीत बीसला, एक्सईन पदम् भूषण, समस्त वार्डो के एसडीओ और जेई मौजूद रहे। बैठक के उपरांत परिवहन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने सेक्टर 2 में निर्माणाधीन महिला कालेज की इमारत का दौरा किया और मोहना रोड के साथ बनाये जा रहे आरएमसी नाले के कार्य का निरक्षण कर ठेकेदार को ज्यादा लेबर बढ़ाकर कार्य को जल्द ही पूरा कराने के लिए बात कही।

# फरीदाबाद में शनिवार को कोविड-19 के 32 मामले पॉजिटिव आए

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला में आज शनिवार को कोरोना वायरस के 32 मामले पॉजिटिव आए है। अच्छी बात यह है कि 38 मामले ठीक होने पर अपने घर में भेज दिए गए हैं। वहीं शनिवार को जिला में रिकवरी रेट भी 99.21 प्रतिशत पर पहुंच गया है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि कोरोना पॉजिटिव के 9 केस अस्पताल में भर्ती है। जबकि होम आइसोलेशन पर जिला में 252 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या भी 26 रह गई है। जबकि कई लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में पिछले 24 घंटे में 1929 लोगों टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला फरीदाबाद में 1510459 लोगों ने अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 126713 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1381657 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 1730 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। जिला फरीदाबाद में 4 केस ऑक्सीजन पर है। जिला में सैंपल पॉजिटिव रेट 8.39 प्रतिशत है। जबकि रिकवरी रेट 99.21 प्रतिशत है। जिला में एक्टिव केस रेट 0.21 प्रतिशत है। इस महामारी को फैलने से रोकने के लिए टीकाकरण भी जोर शोर से किया जा रहा है। कोरोना रोधी वैक्सीन लगातार लगाई जा रही है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने फरीदाबाद जिला वासियों से अपील की है कि वे अब भी निरन्तर कोरोना को मात देने के लिए सावधानी लगातार बरतते रहें और कोशिश करें कि अपने घर के अंदर ही रहे। जब तक बहुत जरूरी ना हो, तब तक घर से बाहर ना निकले और बाहर निकलते समय अपने मुंह और नाक को कवर करते हुए फेस मास्क का प्रयोग अवश्य करें। इसके अलावा, एक दूसरे के बीच दो गज की दूरी जरूर रखें। हाथों को बार बार साबुन से धोते रहें या सैनिटाइजर करते रहे। कोरोना के बारे में कोई भी जानकारी लेनी हो तो स्वास्थ्य विभाग के कोविड हेल्पलाइन नंबर 0129-2415623 और 8882916056 डायल करें। इसके अलावा, जिला प्रशासन के कोविड हेल्पलाइन नंबर 0129-2221000 पर भी संपर्क कर सकते हैं। सरकार द्वारा जारी की गई कोविड-19 की हिदायतों की पूर्ण रूप से पालना सुनिश्चित करें। कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राम भक्त ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार फरीदाबाद जिला में 1652574 लोगों को अब तक सर्विलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्विलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 1649955 हो गई है।

# सीबीएसई 10वीं की टर्म 2 परीक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद, इस शैक्षणिक सत्र के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) टर्म -2 बोर्ड परीक्षा 26 अप्रैल, 2022 से निर्धारित है।

नारायण ई-टेक्नो स्कूल, फरीदाबाद में 'नारायण ग्रुप' द्वारा कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में नारायण शैक्षिक संस्थानों की निदेशक सुश्री शरणी नारायण पोंगरू मुख्य अतिथि थीं और उन्होंने छात्रों को अपनी शंकाओं को दूर करने का तरीका बताया। उन्होंने टर्म-द्वद्व सीबीएसई बोर्ड की अंतिम परीक्षा 2022 की तैयारी के लिए कई सुझाव और रणनीतियां भी बताईं।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सभी विषय के विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से दिए गए। छात्रों ने नारायण के सिस्टमैटिक माइक्रो शेड्यूल और एकेडमिक प्लानर के लिए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। रिपिटेड क्युमूलेटिव रिविजन्स




और समय पर त्रुटि सुधार ने उन्हें टर्म-द्वद्व अंतिम परीक्षाओं का सामना करने के लिए पर्याप्त आश्वस्त किया है। प्रिंसिपल सुश्री नेहा, सुश्री अपूर्वा और स्टाफ सदस्यों ने इन परीक्षाओं में बच्चों की सफलता की कामना की। यह प्रोग्राम एक स्ट्रेस बस्टर था जिसे अभिभावकों ने भी खूब सराहा व पसन्नता की।

# बल्लभगढ़ विधानसभा में बनाए जाएंगे सर्वाधिक कांग्रेस सदस्य-मनोज अग्रवाल

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा कुमारी सैलजा के दिशानिर्देश पर बल्लभगढ़ के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कांग्रेस सदस्यता अभियान की रूपरेखा तैयार करने हेतु महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कांग्रेस सदस्यता अभियान के बल्लभगढ़ प्रभारी अशोक रावल की उपस्थिति में इस बैठक की अध्यक्षता बल्लभगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व हरियाणा कांग्रेस के स्टेट सोशल मीडिया इंचार्ज मनोज अग्रवाल ने की। बैठक में मौजूद कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए अशोक रावल ने कहा की कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान में लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं। आप लोग भी इस डिजिटल सदस्यता अभियान के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक जोड़ें और सदस्य बनाएं। उन्होंने ने बताया कि एप के माध्यम से कैसे कांग्रेस के सदस्य बना सकते हैं। चीफ एनरोलर व एनरोलर कैसे बन सकते हैं। कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी है। इससे लोगों का जुड़ना गर्व की बात है हमें अपने संगठन को मजबूत करने के लिए इस अभियान से जुड़ना है। इस दौरान मनोज अग्रवाल ने कहा की कांग्रेस का डिजिटल सदस्यता



अभियान पूरे विश्व में अनूठा है जिसे पूरी पारदर्शिता के साथ एवं सही तथ्यों के आधार पर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बनाने हेतु ली गई जानकारी का सत्यापन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पास पहले से मौजूद जानकारी से किया जाता है ताकि सदस्यता में दोहराव ना हो या अन्य त्रुटियों से बचा जा सके।

इस दौरान कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय त्यागी, युवा कांग्रेस प्रवक्ता पराग शर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहन ढिल्लों, संजय सोलंकी, प्रताप शर्मा, जयकिशन पंडित, शुभम कसाना, राजेंद्र चौहान, नरेश वैष्णव, श्रवन महेश्वरी, विनोद कौशिक, चुन्नू राजपूत, वंदना सिंह, अर्जुन सैनी, अश्विनी कौशिक, सुभाष तंवर, रविंद्र भड़ाना, अजय रावत, राहुल गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती- स्वामी दयानंद जी के जीवन से परिचय कराया

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में महान समाज सुधारक और विचारक स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती पर विशेष आयोजन किया गया। छात्राओं ने स्वामी जी के जीवन दर्शन एवम चरित्र को लेखनी और पेटिंग के माध्यम से दर्शाया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी जी एक स्वतंत्र विचारक थे किसी परंपरा और पूर्वाग्रह से बंधे रहना उन्हें स्वीकार न था। स्वामी दयानंद द्वारा देश की स्वतंत्रता का यह शंखनाद ही आगे चलकर भारत के जन-मन में गूंजने लगा। स्वाधीनता के इतिहास में जितने भी आंदोलन हुए उनके बीज स्वामी जी अपने अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश के माध्यम से डाल गए थे। प्राचार्य



मनचंदा ने बताया कि स्वदेशी आंदोलन के मूल सूत्राधार भी महर्षि दयानंद ही थे। उन्होंने लिखा है कि जब परदेशी हमारे देश में व्यापार करेंगे तो दारिद्रय और दुःख के सिवा दूसरा कुछ भी नहीं हो सकता। जब स्वामी जी के गुरु ने दयानंद से गुरु दक्षिणा का पूछा तब गुरु विरजानंद ने इन्हें समाज सुधार, समाज में व्याप्त कुरूतियों के खिलाफ कार्य करने, अंधविश्वास को मिटाने, वैदिक शास्त्र का महत्व लोगो तक पहुँचाने, परोपकार ही धर्म हैं, इसका महत्व सभी को समझाने जैसे कठिन संकल्पों में बाँधा और इसी संकल्प को अपनी गुरु दक्षिणा बताया। उस समय बाल विवाह की प्रथा सभी जगह व्याप्त थी सभी उसका अनुसरण सहर्ष करते थे। तब स्वामी जी ने शास्त्रों के माध्यम से लोगो को इस प्रथा के विरुद्ध जगायाा। स्वामी जी ने बाल विवाह के साथ साथ सती प्रथा का भी उन्मूलन किया। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह तथा नारी शिक्षा और समानता का प्रचार और प्रसार किया। वर्ण भेद का विरोध करते हुए उन्होंने एकता का भी संदेश दिया। स्वामी जी के सिद्धांतो पर चल कर आज हम बहुत सी कुप्रथाओं को छोड़ चुके हैं। कॉर्डिनेटर अध्यापिका अंशुल, सतबीर पवार, मौलिक मुख्याध्यापिका पूनम, प्रवीण, संजय मिश्रा, सूबे सिंह, रेनू, रेखा, प्रियंका रानी सहित सभी अध्यापकों ने आवश्यक सहयोग किया। विशेष आयोजन में छात्राएं वरिष्ठ वर्ग में निबंध में लंक्ष्मी प्रथम, तन्नू द्वितीय और सपना तृतीय तथा पोस्टर में पल्लवी, कोमल और भावना प्रथम, द्वितीय और तृतीय रही। कनिष्ठ वर्ग में सिमरन, प्राची टैगोर और सरोज प्रथम, द्वितीय और तृतीय

और ऋतु व संजना को प्रथम, द्वितीय और कृतिका व प्रीति को तृतीय घोषित किया गया। प्राचार्य मनचंदा ने विशेष आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# नशीले इंजेक्शन बेचने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के कृषि मंत्री और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की महानिदेशक एवं हरियाणा सरकार की एसीएस सुमिता मिश्रा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश के सभी जिलों में केंद्र सरकार द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम को सम्बोधित किया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में को पॉलिसी के कागजात किसानों को सौंपे गए। जिला फरीदाबाद में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक राजेश नागर ने की। जबकि उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने भी किसानों को रबी की फसलों के मेरी पॉलिसी मेरे हाथ के कागजात किसानों को भेंट किए। विधायक राजेश नागर ने कहा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ किसानों को अलग अलग फसलों के लिए किसानों की आय बढाने में कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र सरकार की स्कीम है और पूरे देश में किसानों के लिए लागू की गई है। फसल का बीमा करवाने के लिए किसानों द्वारा बीमा कंपनी को डेढ प्रतिशत प्रीमियम राशि फसल वार देनी पड़ती है। इस प्रीमियम राशि का 25 प्रतिशत किसान द्वारा बाकी 75 प्रतिशत सरकार द्वारा कंपनी को दिया जाता है। आज शनिवार को जिला के 15 प्रगतिशील किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कागजात सौंप दिए गए हैं। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कई तरह की योजनाओं शुरू की गई है। इन्हीं योजनाओं में से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत यह मेरी पॉलिसी मेरे हाथ योजना के माध्यम से सरकार द्वारा किसानों को लाभांवित किया जाएगा। सरकार की ओर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना/पीएमएफबीवाई के तहत 75 वें आजादी का अमृत महोत्सव पर यह मेरी पॉलिसी मेरे हाथ योजना शुरू की गई है।

# ज्ञान पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कबूलपुर खादर के छात्र हर्ष कुमार खारी ने मारी बाजी



**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** ज्ञान पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कबूलपुर खादर के छात्र हर्ष कुमार खारी ने रजत पदक जीता है। उन्होंने दिल्ली ओपन स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर स्कूल गांव व जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बॉयज अंडर 14 आयु वर्ग में बॉल थ्रो प्रतियोगिता में 55.47 मीटर की दूरी तय करके यह पदक हासिल किया। जीते हुए प्रतिभागियों का गांव व स्कूल में ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल व चेयरमैन ने बताया कि इस प्रतिभागी की जीत का श्रेय अंतरराष्ट्रीय कोच सूबेदार मेजर राजकुमार को जाता है, जिन्होंने स्कूल में अकादमी स्थापित की है।

इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल विजय कुमार व चेयरमैन ज्ञान कबूलपुर, चेतराम सरपंच, सुरेंद्र नागर, अरुण खारी, राजेंद्र ब्लॉक मेंबर, रतन सिंह वकील, केहर सरपंच, कृपाराम यादव, बबलू यादव आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 'मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ' 15 किसानों को सौंपी-विधायक राजेश नागर

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के कृषि मंत्री और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की महानिदेशक एवं हरियाणा सरकार की एसीएस सुमिता मिश्रा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश के सभी जिलों में केंद्र सरकार द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम को सम्बोधित किया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में को पॉलिसी के कागजात किसानों को सौंपे गए। जिला फरीदाबाद में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक राजेश नागर ने की। जबकि उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने भी किसानों को रबी की फसलों के मेरी पॉलिसी मेरे हाथ के कागजात किसानों को भेंट किए। विधायक राजेश नागर ने कहा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ किसानों को अलग अलग फसलों के लिए किसानों की आय बढाने में कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र सरकार की स्कीम है और पूरे देश में किसानों के लिए लागू की गई है। फसल का बीमा करवाने के लिए किसानों द्वारा बीमा कंपनी को डेढ प्रतिशत प्रीमियम राशि फसल वार देनी पड़ती है। इस प्रीमियम राशि का 25 प्रतिशत किसान द्वारा बाकी 75 प्रतिशत सरकार द्वारा कंपनी को दिया जाता है। आज शनिवार को जिला के 15 प्रगतिशील किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कागजात सौंप दिए गए हैं। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य



सरकार द्वारा कई तरह की योजनाओं शुरू की गई है। इन्हीं योजनाओं में से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत यह मेरी पॉलिसी मेरे हाथ योजना के माध्यम से सरकार द्वारा किसानों को लाभांवित किया जाएगा। सरकार की ओर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना/पीएमएफबीवाई के तहत 75 वें आजादी का अमृत महोत्सव पर यह मेरी पॉलिसी मेरे हाथ योजना शुरू की गई है। यह योजना किसानों की आय दोगुना करने में कारगर साबित होगी। इसके लिए अधिक जानकारी लेने के लिए किसानों को टोल फ्री नंबर 1800-180-1551भी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदा ओलावृष्टि,जल भराव, बादल फटना पानी से खराबी सूखा होने सहित अन्य गांव के तहत किसानों की फसलों का बीमा सरकार द्वारा किया जा रहा है। डीसी जितेंद्र यादव ने बताया कि इसके अंतर्गत किसान अपने नजदीकी कृषि विभाग कार्यालय, सीएसी,बैंक या इंश्योरेंस कंपनी एजेंट से संपर्क करें। अपनी खेती का पूरा विवरण के अधिसूचित फसलों, बीमित राशि और अपने गांव में योजना के लिए अंतिम तिथि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिससे समय पर सरकार के द्वारा इन्हें लाभ पहुंचाया जा सके। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तकनीकी अधिकारी डॉक्टर संगीता ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 'मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ' पोर्टल के तहत किसानों द्वारा फसल का पंजीकरण का कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो किसान पोर्टल पर रबी सीजन की फसलों का रजिस्ट्रेशन करवाना चाहते हैं वे अपनी रबी की फसलों का ब्यौरा इसमें दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया बताया कि सरकार ने प्रत्येक किसान की फसल का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवाना अनिवार्य किया हुआ है। इसका उद्देश्य किसानों को फसल बेचने में सुविधा पहुंचाने के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं का सीधे लाभ भी देना है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने अपनी फसलों पर कोई भी ऋण नहीं लिया है। उन द्वारा फसल बीमा लेने के लिए भूमि स्वामित्व के दस्तावेज और अन्य जरूरी प्रमाण पत्र यदि खेत बटाईदार या किराए पर ली गई भूमि की स्थिति में भूमि के मालिक के साथ अनुबंध/किराया नामा इत्यादि दस्तावेज पूरे का करवाने जरूरी है।

## हरियाणा में पीले रतुए का प्रकोप, भारत सरकार की टीम ने की जांच, इन गांवों में पुष्टि



**करनाल।** गेहूं में पीला रतुआ के प्रकोप पर अब आधिकारिक रूप से मुहर लग गई है। इससे जुड़ी किसानों की चरम पर पहुंची चिंता के बीच शुक्रवार को भारत सरकार के वनस्पति संरक्षण एवं संग्रह निदेशालय के क्षेत्रीय प्रबंधन केंद्र व हरियाणा कृषि एवं कल्याण विभाग की संयुक्त टीम ने जिले के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान टीम ने कुंडा कलां गांव में 12 एकड़, नलवी खुर्द में आठ एकड़, खिराजपुर में चार एकड़ और जड़ौली गांव में दो एकड़ क्षेत्रफल में पीला रतुआ की पुष्टि की। इसे देखते हुए टीम में शामिल विशेषज्ञों ने किसानों को रोग नियंत्रण के लिए अहम सुझाव दिए। बीते कुछ दिन से जिले में पीला रतुआ के मामले मिलने के कारण कृषि अधिकारियों की ओर से इसकी रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रेषित की गई थी। इसी आधार पर शुक्रवार को वनस्पति संरक्षण एवं संग्रह निदेशालय के फरीदाबाद क्षेत्रीय प्रबंधन केंद्र व कृषि विभाग की टीम ने यमुना नदी से सटे कुंजपुरा क्षेत्र के अलग अलग गांवों का रुख किया। टीम में भारत सरकार की ओर से वनस्पति संरक्षण अधिकारी राम कुमार, वैज्ञानिक सहायक लख्मीचंद व योगेन्द्र शर्मा, उप मंडल कृषि अधिकारी डा. दिनेश कुमार शर्मा और कृषि विकास अधिकारी राकेश सहारण शामिल रहे। संयुक्त टीम ने चार गांवों में अलग अलग अनुपात में पीला रतुआ मिलने की पुष्टि की। उप मंडल कृषि अधिकारी डा. दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि इससे पहले सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डा. सुरेश कुमार ने जिले के डबरकी पार गांव में 19 फरवरी को एक एकड़ में पीला रतुआ मिलने की पुष्टि की थी। डा. शर्मा ने बताया कि यह बीमारी वस्तुतः सबसे पहले पर्वतीय क्षेत्रों में आती है और फिर इसी क्रम में हवा के साथ निचले इलाकों तक इसका प्रभाव दिखाई देता है। करनाल के इंद्री, कुंजपुरा के अलावा यमुनानगर और कुरुक्षेत्र के लाडवा जैसे इलाकों में इसके असर की आशंका रहती है। लिहाजा, किसानों को इस रोग प्रति लगातार सतर्क रहना चाहिए। टीम ने किसानों को इसके प्रति जागरुक भी किया।

**कैसे करें पहचान**

कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि अगर गेहूं की फसल में पत्तियों पर समानांतर पीले और नारंगी रंगों के धब्बे एक लाइन में दिखाई दें और बीमारी बढ़ने की स्थिति में ये धब्बे पीले रंग के हल्दीनुमा पाउडर में बदलते दिखाई दें तो यह पीला रतुआ होने का स्पष्ट लक्षण है। इस रोग में पत्तों को छूने पर हाथों में पीले रंग का पाउडर सा लगने लगता है।

**कैसे करें बचाव**

उप कृषि निदेशक डा. आदित्य प्रताप डबास ने बताया कि पीला रतुआ के नियंत्रण के लिए फंफूदनाशक दवाई का छिड़काव करें। 200 मिलीलीटर प्रोपिकोनाजोल 25 प्रतिशत ईसी दवाई को 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ के अनुपात में छिड़काव करना चाहिए। यह छिड़काव 15 दिन के अंतराल में दोहराएं। मौसम साफ होने पर ही छिड़काव करना चाहिए। यदि इस बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं तो अपने नजदीकी कृषि विकास अधिकारी को इस बारे में सूचित अवश्य करें।

## करनाल में लुटेरी महिलाओं का गिरोह, शादी का झांसा देकर करती थी ठगी, चढ़ी पुलिस के हत्थे



**असंध(करनाल)।** असंध में पुलिस ने शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दो अलग अलग मामलों में शामिल गिरोह की चार महिलाओं और एक पुरूष को गिरफ्तार किया गया है। ये महिलाएं शादी करके घर आने के बाद रात के समय दूल्हे और उसके स्वजनों को नशीला पदार्थ देकर फरार हो जाती थीं। गिरोह में शामिल दो महिलाओं और एक पुरुष को जेल भेज दिया गया जबकि दो महिलाओं को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। माना जा रहा है कि पूछताछ के बाद उनसे इस तरह के तमाम मामलों में अहम जानकारियां हाथ लगेंगी।

**रात को दूल्हे और स्वजनों को नशीला पदार्थ देकर फरार हो जाती थीं गिरोह की महिलाएं**

असंध थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि गांव ठरी व रंगरूटीखेड़ा में हाल में आधा दर्जन से ज्यादा महिलाओं व पुरुषों के एक गिरोह ने दो व्यक्तियों को शादी का झांसा दिया। 80 हजार रुपए में शादी करवाने की बात तय हो गई। इसके बाद दोनों की शादी अलग-अलग जगह करा दी गई। उन्होंने बताया कि गिरोह में शामिल महिलाओं ने रात को घर आने के बाद सुनियोजित ढंग से रात के समय नशीला पदार्थ देकर दूल्हों और उनके परिवार के सदस्यों को सुला दिया। इसके बाद वह फरार हो गईं।

**करते थे पैसों का बंटवारा**

थाना प्रभारी ने बताया कि गिरोह के सदस्य बाकायदा फुलप्रूफ प्लान बनाकर उस पर अमल करते थे। पहले भोले-भाले लोगो को गांव में जाकर शादी के लिए तैयार करते थे। फिर फर्जी तरीके से किसी मंदिर में शादी करा दिया करते थे। प्लान के अनुसार रात को नशीला पदार्थ देकर वहां से फरार हो जाते थे। जाते समय सामान भी चोरी कर लेते थे, जिसके बाद आरोपित एक जगह एकत्र होकर पैसों और सामान बराबर-बराबर बांट लेते थे।

**जानकारी मिले तो तुरंत करें सूचित**

क्षेत्र के गांवों में हुई घटनाओं के बाद पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके लगातार छापेमारी की तो गिरोह के सदस्यों की करनाल व पानीपत में सक्रिय होने की जानकारी मिले। इसके बाद करनाल से दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि गिरोह के अन्य लोग भागने में कामयाब हो गए। पुलिस टीम जल्द ही उनको भी गिरफ्तार कर लेगी। थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने आमजन को सचेत रहने की अपील करते हुए पुलिस को ऐसे मामलों में अविलंब सूचना देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति को इस तरह की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को अवगत कराएं ताकि आगे किसी को लूटने से बचाया जा सके।

## गुहला के लोगों की समस्याओं को लेकर किसान सभा ने किया प्रदर्शन

**गुहला-चीका।** अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों ने लोगों की स्थानीय समस्याओं को लेकर एसडीएम गुहला के कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान सभा के खंड प्रधान नानक सिंह ने किया। ज्ञापन में मांग की गईं हलका गुहला की खस्ताहाल सड़कें चीका, कैथल, रोड, चीका-भागल रोड, चीका-खरकां रोड, चीका-खरौदी रोड, पटियाला से खुशहाल माजरा रोड, पिहोवा रोड से बोपुर रोड, गढ़ी नजीर रोड, अजीमगढ़ समाना रोड, ांतारावांली से कसौर रोड, हरिगढ़ किगन से बलबेड़ा रोड व सींह रोड का निर्माण किया जाए। चीका-खरकां रोड पर सरकारी बसें चलाई जाए और कोरोना काल में बंद की बसों को पुरानी समय सारिणी के अनुसार चलाया जाए। गांव खुशहाल माजरा के आसपास के क्षेत्र में स्थित राइस मिलों द्वारा छोड़े जा रहे दूषित जल को बंद करवाया जाए व जलभराव का समाधान निकाला जाए। राइस मिलों व साल्वेंट की चिमनियों से निकलने वाली राख को रोकने की व्यवस्था की जाए। चीका शहर में सिटी बस सेवा शुरू की जाए और सभी शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालय व सरकारी अस्पताल को इससे जोड़ा जाए। पटियाला रोड पर बनने वाले बस अड्डे का निर्माण शुरू किया जाए। प्रदर्शन से पहले चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क गुहला में सभा का आयोजन किया गया। नानक सिंह, डा.साहब सिंह संधु, गुरमीत कांबोज, जसपाल सिंह, जयभगवान घणघस पीडल, दर्शन सिंह मटकालियां मौजूद थे।

# पानीपत शहर की गंदगी पर निगम की राजनीति गर्माई, मेयर के पक्ष में आए 20 पार्षद



**पानीपत।** पानीपत में सफाई पर व्यवस्था चमरा गई है। इसको लेकर मेयर अवनीत कौर व सीनियर डिप्टी मेयर आमने-सामने हो गए थे। अभी भी दोनों में खाई पटी नहीं है। सफाई के प्रबंध सही न होने से पार्षद भी आक्रोशित हैं। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मेयर अवनीत कौर ने वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में 20 पार्षद व उनके पति की बैठक ली। बैठक में सभी पार्षदों को बुलाया गया था, लेकिन सीनियर डिप्टी मेयर सहित छह पार्षद बैठक से नदारद रहे। इससे जाहिर है कि मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर की राय एक नहीं है। दोनों की खींचतान में शहर की सफाई का बंटाधार हो गया है। इसका खामियाजा शहरवासी भुगत रहे हैं। बैठक के दौरान पार्षदों ने अपने वार्डों में बदहाल सफाई व्यवस्था के बारे में मेयर को अवगत कराया और मांग की कि प्रत्येक वार्ड में कम से कम 40 सफाई कर्मचारी लगाए जाएं।

**नियमित सफाई होनी जरूरी**

पार्षदों ने कहा कि सफाई का टेंडर भले ही वार्ड वार लगे या जोन वार, सफाई उनके हिसाब से नियमित तौर पर होनी चाहिए। पार्षदों ने प्रति वार्ड सफाई के लिए 40 सफाई कर्मचारी, तीन बड़ी ट्रैक्टर ट्राली और 15 रिक्शा की मांग की है। सभी वार्डों के लिए चार जेसीबी मशीन और दो सुपर सकर मशीन को भी टेंडर में शामिल करवाने की बात रखी गई। इसके साथ सफाई कर्मचारियों को उनके औजार और यूनीफार्म उपलब्ध करवाने की बात कही है। पार्षदों ने कहा कि ये सभी शर्ते अगर टेंडर की नियमों में होंगी तो उसे लगने दिया जाएगा। हालांकि इन शर्तों को लेकर पार्षदों में खींचतान भी दिखी। हालांकि बाद में माहौल वरिष्ठ पार्षदों ने शांत करवाया। सभी शर्तों को अब मेयर के माध्यम से सांसद को सौंपा जाएगा।

**ये पार्षद रहे बैठक ये पार्षद रहे मौजूद**

इस बैठक में मेयर अवनीत कौर, डिप्टी मेयर रविंद्र फुले पार्षद वार्ड 6, अशोक कटारिया पार्षद वार्ड 7, रड्क्षवद्र भाटिया पार्षद वार्ड 10, बलराम मकौल पार्षद वार्ड 18, संजीव दहिया पार्षद वार्ड 21, योगेश डाबर पार्षद पति वार्ड 22, अंजलि शर्मा पार्षद वार्ड 3, शिव कुमार शर्मा पार्षद वार्ड 13, दिनेश सैनी पार्षद पति वार्ड 11, अतर ड्क्षसह रावल वार्ड 16, शकुंतला गर्ग पार्षद वार्ड 14, सुरेंद्र परूथी पार्षद पति वार्ड एक, अनिल बजाज पार्षद वार्ड पांच, रविंद्र नागपाल पार्षद वार्ड 4, राजपाल समेत मनोनीत पार्षद भी मौजूद रहे।

**सीनियर डिप्टी मेयर ने बैठक से बनाई दूरी**

बैठक में निगम के 26 वार्डों में से 17 पार्षद एवं पार्षद पति मौजूद रहे। इस बैठक से सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट ने दूरी बनाकर रखी। पार्षदों ने सांसद के माध्यम से सफाई के टेंडर का प्रस्ताव भेजने की बात कहीं न कहीं शहरी विधायक को नजरअंदाज करना दिखाई दिया। ये बैठक मेयर अवनीत कौर की ओर से बुलाई गई थी। जिसमें सभी पार्षदों को सफाई के टेंडर पर एकजुट कर एकमत से टेंडर लगवाने का प्रयास भी किया गया। शहर में सफाई के लिए टेंडर चार बार बीच में लटक चुके है। लगाए गए टेंडरों में अलग-अलग शर्तों के कारण तो कभी नियम के कारण बीच में लटकते दिखे। इस पार्षदों के गुट भी दो भागों में बटते दिखाई दिए। जिसमें कुछ पार्षद वार्ड लेवल पर टेंडर लगवाने को राजी थे तो कुछ चार जोन में, लेकिन आखिरी में दो जोन में टेंडर लगा, इसे भी सरकार के अगले आदेश तक रोका हुआ है। इसी बीच मुख्यालय ने भी अपनी हिदायत जारी करते हुए प्रदेश भर में सफाई के टेंडरों में अपनी शर्तों को रखने का प्रस्ताव रख दिया। नगर निगम मेयर अवनीत कौर ने जागरण से बातचीत में कहा कि प्रत्येक वार्डों के पार्षदों ने सफाई को लेकर जरूरतों के बारे में बताया है। इसको लेकर सांसद संजय भाटिया व विधायक प्रमोद विज से बात की जाएगी। वहीं फाइनल करेंगे आगे क्या करना है। पार्षदों ने प्रति वार्ड कर्मचारियों की डिमांड की है। जल्द ही हाउस की बैठक की भी तिथि जारी की जाएगी। सभी पार्षदों की एक ही राय है कि वार्डों में सफाई होनी चाहिए। जैसे भी हो।

# पशुओं के गले में बंधेगी बेल्ट, पेड़ पर लगेंग ट्री रिफ्लेक्टर



**रोहतक।** बेसहारा पशुओं की वजह से होने वाले सड़क हादसों को रोकने की कवायद एक बार फिर से शुरू हुई है। इस बार बेसहारा पशुओं के सींग पर रिफ्लेक्टर टेप नहीं लगाई जाएगी, बल्कि उसके स्थान पर पशुओं के गले में रिफ्लेक्टर बेल्ट बांधी जाएगी। जिले में पहली बार ऐसा होगा कि हर पशु के गले में यह टेप बंधी नजर आएगी। इसके अलावा सड़क किनारे लगे पेड़ पर भी ट्री-रिफ्लेक्टर लगाई जाएगी। इनकी खास बात यह होगी कि पशु के गले में बंधी टेप और ट्री-रिफ्लेक्टर रात के समय दूर से ही दिखाई दे जाएंगे। हालांकि इससे पहले रिफ्लेक्टर टेप का इस्तेमाल किया जाता था, जो रात के समय इतनी नहीं चमकती थी और जल्दी ही वह खराब हो जाती थी। यह कवायद सड़क हादसे रोकने के लिए की जा रही है। डीटीओ (जिला परिवहन अधिकारी) कार्यालय ने जिले में सड़कों पर घूमने वाले एक हजार से अधिक पशुओं के लिए यह रिफ्लेक्टर बेल्ट खरीदी है, जिसे नगर निगम के माध्यम से पशुओं के गले में बांधा जाएगा।

**निगम भी चला चुका है अभियान**

नगर निगम की तरफ से कई बार बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान भी चलाया जाता है। इसके बावजूद बेसहारा पशुओं की संख्या कम नहीं हो रही है। शहर के हर मुख्य चौक-चौराहे पर रात के समय बेसहारा पशुओं का जमावड़ा लग जाता है। सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा पशु अक्सर हादसे का कारण बनते हैं। करीब 10 दिन पहले बहुअकबरपुर गांव के पास कार के सामने बेसहारा पशु आ गया था, जिस कारण चालक ने कार को रोकने के लिए ब्रेक लगाए। जिस पर कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई थी और चालक घायल हो गया था। इसके अलावा भी कई हादसे हो चुके हैं। वर्जन

बेसहारा पशुओं के कारण रात के समय अक्सर हादसे होते हैं। हादसों को रोकने के लिए रिफ्लेक्टर बेल्ट खरीदी गई है। जो पशुओं के गले में बांधी जाएगी। इसके अलावा सड़क किनारे खड़े पेड़ों पर भी ट्री-रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे।


**- डा. संदीप गोयत, जिला परिवहन अधिकारी रोहतक**

## उचाना में युवक की गोली मारकर हत्या करने के तीन आरोपित पांच दिन के रिमांड पर

**जींद।** उचाना में 23 दिन पहले युवक सोमबीर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार करके पांच दिन के रिमांड पर लिया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गांव खापड़ निवासी सोनू, उचाना निवासी शुभम उर्फ कालू व सुनील उर्फ भूरा के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि हत्या के समय आरोपित शुभम मोटरसाइकिल चला रहा था और उनके साथ मोटरसाइकिल पर सवार सोनू व रोहित ने सोमबीर को गोली मारी थी। हत्या करने की साजिश सुनील उर्फ भूरा हत्या ने रची थी। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से मोटरसाइकिल, दो पिस्तौल बरामद कर लिए। हिसार जिले के गांव चैनत निवासी अमरजीत ने दो फरवरी को उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपनी बुआ के घर उचाना कलां में आया हुआ था। वह अपनी बुआ के लड़के सोमबीर के साथ बुलेट मोटरसाइकिल सवार होकर हेयर ड्रेसर की दुकान पर बाल कटवाने के लिए जा रहे थे। जब वह देवा कालोनी के पास पहुंचे तो सोमबीर का फोन आ गया और वह फोन पर बात करने लगा। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक आए और रास्ता रोककर सोमबीर की गोली मारकर हत्या कर दी। उसने बताया कि गोली मारने में गांव खापड़ निवासी सोनू व रोहित शामिल थे। उसने बताया था कि तीनों का सोमबीर के साथ पहले भी झगड़ा हुआ था उस समय उनका राजीनामा हो गया था। इसी रंजिश के चलते ही आरोपितों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# हरियाणा के कई जिलों में बारिश के साथ भीषण ओलावृष्टि, जानिए आज कैसा रहेगा मौसम

**करनाल।** मौसम विभाग की पूर्वानुमान के अनुसार 25 फरवरी को हरियाणा में मौसम बदल गया। शाम और रात के समय हरियाणा के कुछ जिलों में भीषण ओलावृष्टि हुई। इसके अलावा हरियाणा के पानीपत यमुना नगर सहित कई जिलों में बारिश भी हुई। मौसम में बदलाव से रात के तापमान में गिरावट देखने को मिली। दिन के तापमान पर भी थोड़ा बहुत असर देखने को मिल सकता है। आज भी मौसम ऐसा रहने की संभावना है। बीते दिनों तेजी से चली पूर्वी हवाओं से मौसम में काफी परिवर्तन देखने को मिले हैं। कृषि की दृष्टिकोण से गेहूं की फसल पर



संभावित बूंदाबांदी का कोई प्रभाव नहीं है। बल्कि तापमान में आई अचानक वृद्धि में कमी आएगी, जो फसलों के लिए ठीक है। दिन व रात का तापमान सामान्य से ऊपर चला गया था। मौसम यदि बदला तो संभवतः तापमान फिर से संतुलित होगा।

**देशभर में यह बना हुआ है मौसमी सिस्टम**

केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के मुताबिक इस समय पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के आसपास के हिस्सों पर बना हुआ है। चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र दक्षिण-पूर्वी राजस्थान पर बना हुआ है।

एक टर्फ रेखा पूर्वी राजस्थान पर बने चक्रवाती हवाओं के क्षेत्र से मध्य प्रदेश और दक्षिणपूर्व उत्तर प्रदेश होते हुए बिहार तक जा रही है। एक और चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बांग्लादेश के पूर्वी हिस्से में है। कोमोरिन क्षेत्र और आसपास के हिस्सों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। 25 फरवरी की शाम तक एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय के पास पहुंच जाएगा। इधर नागरिक अस्पताल के सीनियर फिजिशियन डा. ओपी सैनी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से अचानक तेजी से तापमान में बढ़ोतरी हुई थी, जो अचानक नहीं होनी चाहिए थी। अचानक मौसम में परिवर्तन हो तो हमारा शरीर तुरंत तापमान के अनुरूप अपने आपको नहीं ढाल पाता। इसलिए तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि हो तो सही है। सर्दियां के बाद अब मौसम गर्मी की ओर जा रहा है, इसलिए लोगों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

## प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को दिया खिलौना बनाने का प्रशिक्षण

**चरखी दादरी।** गांव मिसरी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जीवन कौशल प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को अचार बनाना व मिट्टी से खिलौने बनाना सिखाया गया। शिविर में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के समक्ष प्राचार्य नवरत्न पांडे ने कहा कि निरंतर सीखने से रचनात्मक कौशल का विकास होता है। जिससे मानव मस्तिष्क निरंतर विकसित होता है। इससे न केवल तर्क बल्कि विश्लेषण करने की क्षमता भी तेज होती है। उन्होंने कहा कि आज का समय चुनौतीपूर्ण है। इसमें वही टिकेगा जो नई बातों का समावेश एवं संवर्धन करेगा।। पांडे ने बढ़ते खर्चों के दौर में घरेलू कुटीर उद्योगों का भविष्य उज्ज्वल बताया। संस्कृत प्राध्यापिका प्रतिभा ने नींबू, मिर्च का अचार बनाने के बारे में बताया।

## जुई रोड पर दुकान में की थी चोरी, आरोपित अरेस्ट

**बाढड़ा।** बाढड़ा थाना पुलिस टीम ने कस्बे के जुई रोड स्थित एक दुकान में चोरी करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से वारदात में प्रयोग की गई बाइक तथा चोरी किए गए एक इंवर्टर व बैटरी भी बरामद हुए है। गांव गोपी निवासी धर्मप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने बाढड़ा के जुई रोड पर सत्या इलेक्ट्रिक स्टोर नाम से इंवर्टर, बैटरी की दुकान की हुई है। 15 फरवरी की सुबह वह दुकान पर आया था। लेकिन किसी कार्य के चलते वह दुकान से चला गया। जब वह दोपहर को वापिस आया तो दुकान से एक इंवर्टर व बैटरी गायब मिली। जब उसने सामने स्थित एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो आरोपित पकड़े।

# हरियाणा में मिला तोप के गोलों का जखीरा, अंबाला में जंगल में चरवाहों ने देखा, मचा हड़कम्प

**अंबाला।** अंबाला के गांव मंगलौर के पास बेगना नदी जंगल से भारी मात्रा में पुलिस ने तोपों के गोले बरामद किए गए हैं। प्रयोग न किए गए जंग लगे इन तोपों के गोलों की संख्या 232 है। इन्हें कोई जंगल में सीमेंट कट्टों में डालकर यहां फेंक गया। इन गोलों का प्रयोग तोपखाना फौज युद्ध के समय और ट्रेनिंग के समय करती थी। वर्तमान में इस तरह के गोलों का प्रयोग नहीं किया जाता। जिस स्थान से यह गोले मिले हैं वहां आर्मी की कोई फायरिंग रेंज भी नहीं है न ही आज तक इस एरिया में यहां कभी फायरिंग रेंज हुई है।



**सीमेंट के कट्टों में भरकर जंगलों में फेंके गए थे गोले**

जानकारी के अनुसार शहजादपुर खंड के गांव मंगलौर में बेगना नदी के जंगल हैं। यहां पर शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे भैंस चराने वाले लोगों ने प्लास्टिक के कट्टों में पड़े सामान को देखा। उन्हें लगा कि यह बम हैं। इसीलिए उन्होंने इसकी जानकारी फारेस्ट गार्ड का दी। फारेस्ट गार्ड विशाल मौके पर पहुंचा और उसने शहजादपुर थाने को इसकी सूचना दी। सूचना मिलती ही इंस्पेक्टर राजेश के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बम निरोधक दस्ते को इसकी सूचना दी गई। साथ ही पुलिस ने आर्मी को इसकी सूचना दे दी। अब इन्हें आर्मी के हवाले किया जाएगा। शहजादपुर थाना पुलिस ने इस मामले में एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**हैंडिंड गन में नहीं होता इनका प्रयोग**

जो गोले बरामद किए गए हैं उनका प्रयोग हैंडिड गन में नहीं हो सकता। विशेषतः युद्ध के समय या फिर ट्रेनिंग के समय ही इनका प्रयोग किया जाता था। वैध रूप से इनका प्रयोग अब आर्मी में नहीं किया जाता। इन गोलों पर नंबर लिखा होता है इससे ही यह पता चल पाएगा कि यह किस यूनिट को यह गोले दिए गए थे। आर्मी की जांच में ही यह साफ हो पाएगा कि किस यूनिट को यह कब दिए गए थे और यहां तक यह कैसे पहुंचे। यह भी जांच का विषय

**अंबाला एसपी के अनुसार**

इस अनएक्सपलोडिड ओर्डिनेंस को आर्मी के सुपुर्द कर दिया जाएगा। रात को इनकी रखवाली के लिए गार्द की व्यवस्था की गई है। अभी ऐसा ही लग रहा है कि कोई इन्हें कट्टों में भरकर यहां फेंका गया।

**जशनदीप सिंह रंधावा, एसपी।**

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम अभिनेत्री मुनमुन दत्त को हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत, जानें क्या है मामला

**चंडीगढ़।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीवी शो की अभिनेत्री मुनमुन दत्ता उर्फ बबीता को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए उन्हें अग्रिम जमानत दे दी है। शुक्रवार को सहायक एडवोकेट जनरल डिंपल जैन ने जस्टिस अवनीश झिंगन की कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट के चार फरवरी के आदेश के तहत दत्ता ने जांच ज्वाइन कर ली है और जांच दल को पूरा सहयोग कर रही हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि अब याची को अग्रिम जमानत दी जा सकती है। हालांकि शिकायतकर्ता ने मुनमुन दत्ता को जमानत दिए जाने का विरोध किया।

कोर्ट ने अग्रिम जमानत देते हुए याचिका का निपटारा कर दिया है। पिछले दिनों हिसार की एससी



एसटी एक्ट के तहत स्थापित विशेष अदालत ने मुनमुन दत्ता की अग्रिम जमानत की मांग को खारिज कर दिया था, जिसके बाद अब दत्ता ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की थी। कोर्ट ने उनको चार फरवरी को अंतरिम जमानत देते हुए जांच अधिकारी के सामने पेश होने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट के आदेश पर दत्ता जांच अधिकारी डीएसपी विनोद शंकर के समक्ष पेश हुई।

*डीएसपी ने लगभग चार घंटे तक उनसे अपने कार्यालय में पूछताछ की थी। मुनमुन दत्ता ने जांच अधिकारी से कहा कि उन्होंने वीडियो शूट के दौरान जिस शब्द का प्रयोग किया था, हकीकत में उसका अर्थ नहीं जानती थीं। बाद में उन्होंने खेद भी प्रकट किया था। उसने वीडियो शूट के दौरान प्रयोग किए गए फोन को पुलिस को सौंप दिया था।*

डीएसपी ने लगभग चार घंटे तक उनसे अपने कार्यालय में पूछताछ की थी। मुनमुन दत्ता ने जांच अधिकारी से कहा कि उन्होंने वीडियो शूट के दौरान जिस शब्द का प्रयोग किया था, हकीकत में उसका अर्थ नहीं जानती थीं। बाद में उन्होंने खेद भी प्रकट किया था। उसने वीडियो शूट के दौरान प्रयोग किए गए फोन को पुलिस को सौंप दिया था।

मुनमुन दत्ता पर 13 मई 2021 दर्ज मामले में जाति विशेष का नाम लेते हुए यूट्यूब पर एक वीडियो में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था, जिसके बाद देशभर में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों में भारी गुस्सा देखा गया। हिसार जिले के हांसी में उनके खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत एफआइआर दर्ज की गई थी। मुनमुन दत्ता की तरफ से कहा गया कि वह बंगाल से हैं और उसने जिस शब्द का कथित तौर पर इस्तेमाल किया था, वह बांग्ला भाषा में आमतौर पर इस्तेमाल किया जाता है। उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि वह शब्द %जातिवादी% है।



**ड्राइविंग के क्षेत्र में दो तरह से कॅरियर बनाया जा सकता है। मसलन, आप स्वयं के व्यवसाय के स्वामी और चालक हो सकते हैं। इसके लिए आप ओला और उबर के तहत पंजीकृत कुछ टैक्सी प्राप्त करें और इस उद्योग के माध्यम से भी अच्छी कमाई करें।**

# कॅरियर के लिए अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है ड्राइविंग

ड्राइविंग एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें कॅरियर बनाने के बारे में शायद ही कोई युवा सोचता हो। यकीनन यह कोई फुल टाइम प्रोफेशन नहीं है लेकिन फिर भी अगर आप इसे एक कॅरियर या व्यवसाय के रूप में देखते हैं तो इसमें भी आपके विकास की अपार संभावनाएं मौजूद है। यह उन लोगों के लिए एक अच्छा कॅरियर ऑप्शन साबित हो सकता है, जो बहुत अधिक पढ़े-लिखे नहीं है, लेकिन फिर भी अच्छी आमदनी करके एक बेहतर जिन्दगी जीना चाहते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि ड्राइविंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाकर आप किस तरह अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं-

## ऐसे बनाएं कॅरियर

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि ड्राइविंग के क्षेत्र में दो तरह से कॅरियर बनाया जा सकता है। मसलन, आप स्वयं के व्यवसाय के स्वामी और चालक हो सकते हैं। इसके लिए आप ओला और उबर के तहत पंजीकृत कुछ टैक्सी प्राप्त करें और इस उद्योग के माध्यम से भी अच्छी कमाई करें। इसके अलावा अगर आपके पास पर्याप्त पैसा नहीं है तो इस स्थिति में आप कुछ ओला व उबर आदि में बतौर कार चालक अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

## योग्यता


यह एक ऐसा क्षेत्र नहीं है, जिसके लिए किसी खास प्रोफेशनल डिग्री की आवश्यकता हो। आपको बस एक वाणिज्यिक ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता है और फिर कई ड्राइविंग स्कूल हैं जो आपको अपने आसपास के क्षेत्र में मिलेंगे। आप वहां से ड्राइविंग का प्रशिक्षण ले सकते हैं।

## जरूरी स्किल्स

अगर आप सच में अपने कॅरियर को ग्रोथ देना चाहते हैं तो इसके लिए आपमें कुछ स्किल्स का होना बेहद आवश्यक है। सबसे पहले तो आपको बेहद अच्छी तरह से कार ड्राइव करनी आनी चाहिए। यह आपके कॅरियर के लिए सबसे पहली और जरूरी शर्त है। इसके अलावा आप जिस शहर में हैं, वहां की सड़कों की आपको अच्छी जानकारी होनी चाहिए। वैसे इन दिनों जीपीएस के जरिए भी रास्तों के बारे में पता लगाया जा सकता है। वहीं आपमें बेहतर कम्युनिकेशन स्किल होना भी बेहद आवश्यक है। सारा दिन आपकी गाड़ी में कई कस्टमर आएंगे, आपका उनके प्रति व्यवहार कैसा होगा, इस पर काफी कुछ निर्भर करता है।

## संभावनाएं

इस क्षेत्र में कॅरियर ग्रोथ काफी अच्छी है। सबसे पहले तो आप ओला व उबर के अलावा कई ड्राइविंग कंपनियों में बतौर ड्राइवर काम कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो ड्राइविंग इंस्टीट्यूट में बतौर टेनर भी काम कर सकते हैं और दूसरे लोगों को कार चलाना सिखा सकते हैं। इसके अलावा कुछ लोगों को पर्सनल कार ड्राइवर की जरूरत होती है, आप उनके लिए भी काम कर सकते हैं। वहीं खुद भी कार या टैक्सी लेकर उसे ड्राइव कर सकते हैं। इस तरह आप खुद ही मालिक बन सकते हैं।





**एक अच्छा मिक्सोलॉजिस्ट बनने के लिए अच्छा श्रोता होना व फ्रेंडली होना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा एक्यूरेसी, बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्गेनाइजेशन स्किल्स, एनर्जेटिक, फलेक्सिबिलिटी, टीमवर्क, व क्रिएटिविटी जैसे गुण आपके काम को आसान बनाते हैं।**

# लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो मिक्सोलॉजी में देख सकते हैं अपना कॅरियर

अगर आप उनमें से हैं, जिन्हें नौ से पांच की जॉब करना अच्छा नहीं लगता। आप अपनी लाइफ में लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो ऐसे में मिक्सोलॉजी के क्षेत्र में अपना कॅरियर देख सकते हैं। यह एक बेहद ही डिफरेंट कॅरियर ऑप्शन है। एक मिक्सोलॉजिस्ट एक व्यक्ति है जो कॉकटेल और मिश्रित पेय बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के मादक पेय और अन्य सामग्री को मिलाता है। आमतौर पर लोग मिक्सोलॉजिस्ट को बारटेंडर ही समझते हैं, लेकिन इनमें अंतर है। बारटेंडर केवल बार में होते हैं और केवल पहले से मौजूद ड्रिंक्स को ही बनाते हैं। जबकि मिक्सोलॉजिस्ट कई नए तरह के कॉकटेल बनाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको इस कॅरियर के बारे में बता रहे हैं-

## क्या होता है काम

एक मिक्सोलॉजिस्ट का काम बारटेंडर की तुलना में अधिक विस्तृत होता है। वे कई तरह की ड्रिंक्स को मिक्स करके एक नया पेय पदार्थ बनाने के अलावा, बार को आर्गेनाइज करना, कस्टमर्स को नए ड्रिंक्स के बारे में बताना और उन्हें एंटरटेन करना, नए पेय पदार्थों का सुझाव देना और मेन्यू में कुछ नए पेय पदार्थों को शामिल करना होता है। यह एक ऐसी जॉब है, जिसमें आप हर दिन कुछ नए एक्सपेरिमेंट करते हैं और खुद को एक्सप्लोर करते हैं। हालांकि यहां पर काम के कोई निश्चित घंटे नहीं होते।

## स्किल्स

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि एक अच्छा मिक्सोलॉजिस्ट बनने के लिए अच्छा श्रोता होना व फ्रेंडली होना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा एक्यूरेसी, बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्गेनाइजेशन स्किल्स, एनर्जेटिक, फलेक्सिबिलिटी, टीमवर्क, व क्रिएटिविटी जैसे गुण आपके काम को आसान बनाते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए किसी निश्चित डिग्री का होना आवश्यक नहीं है। आपके स्वाद की समझ ही आपको आगे लेकर जाती है। हालांकि, ज्यादातर कंपनियां ऐसे मिक्सोलॉजिस्ट को पसंद करती हैं जिनके पास बारटेंडिंग लाइसेंस होता है। उम्मीदवार किसी भी कंपनी में अल्पकालिक भुगतान प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## संभावनाएं

यकीनन यह एक अलग कॅरियर क्षेत्र है, लेकिन फिर भी अगर आप अपने काम में अच्छे हैं तो आपके पास काम की कोई कमी नहीं होने वाली है। आप बार या रेस्टोरेंट के अलावा, क्लब, पब, होटल, टैवर्न आदि में बेहद आसानी से काम कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ कंपनियां फूड एंड बेवरेज शो या फिर कई मार्केटिंग इवेंट्स में अपनी सर्विसेज देने के लिए भी मिक्सोलॉजिस्ट को हायर करती हैं। इस तरह के इवेंट्स में आप अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं।

## आमदनी

एक मिक्सोलॉजिस्ट की सालाना पूरी तरह से उस क्लब / रेस्तरां / बार पर निर्भर करेगा जिस पर वह काम कर रहा है। फिर भी शुरूआती दौर में आप दो से तीन लाख रूपए सालाना आसानी से कमा सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, लखनऊ
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कोलकाता
- इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, अहमदाबाद
- नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नोएडा
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, मुंबई
- इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमैंट कैटरिंग टैक्नोलॉजी- एप्लाईड नुट्रीसन, कोलकाता
- सेंटमेरी कॉलेज, बैंगलोर
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, शिमला

# कैसे बनें लेखपाल ? जानें योग्यता, एग्जाम पैटर्न, सैलरी व सभी जानकारी

लेखपाल राजस्व विभाग यानी रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अंतर्गत काम करते हैं। लेखपाल को कुछ राज्यों में पटवारी, पटेल, कारनाम अधिकारी, शानबोगरु आदि नाम से जाना जाता है। यह एक सरकारी नौकरी है और इसमें जॉब सिक्योरिटी, पेंशन, पीएफ जैसे लाभ मिलते हैं।

आजकल अधिकतर युवा सरकारी नौकरी करना चाहते हैं। लेकिन सरकारी नौकरी पाना इतना आसान नहीं हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसी सरकारी नौकरी के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरुरी नहीं है।

आज हम आपको बताएंगे कि आप लेखपाल कैसे बन सकते हैं -

लेखपाल राजस्व विभाग यानी रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अंतर्गत काम करते हैं। लेखपाल को कुछ राज्यों में पटवारी, पटेल, कारनाम अधिकारी, शानबोगरु आदि नाम से जाना जाता है। यह एक सरकारी नौकरी है और इसमें जॉब सिक्योरिटी, पेंशन, पीएफ जैसे लाभ मिलते हैं। आजकल युवाओं में इस पद की डिमांड बहुत ज्यादा है। लेखपाल बनने के लिए अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के साथ-साथ इंटरव्यू देना होता है।

लेखपाल दो तरह के होते हैं - राजस्व लेखपाल और चकबंदी लेखपाल। राजस्व लेखपाल आवासीय और व्यावसायिक जमीन से जुड़े काम देखते हैं और राजस्व लेखपाल आवासीय और व्यावसायिक जमीन से जुड़े काम देखते हैं।

## योग्यता

- आपको किसी भी स्ट्रीम से बारहवीं पास होना चाहिए। मिनिमम परसेंटेज की कोई शर्त नहीं होती।
- उम्मीदवार के पास कम्प्यूटर कोर्स का सर्टिफिकेट होना जरूरी है।

## आयु सीमा

लेखपाल बनने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष और 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जाती है।

## लेखपाल बनने की परीक्षा

लेखपाल बनने के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू ये दो चरण होते हैं। लिखित परीक्षा 100 नंबर की होती है। इसके लिए 90 मिनट दिए जाते हैं। इसमें माइनस मार्किंग नहीं होती। परीक्षा में हिन्दी, सामान्य ज्ञान, गणित और ग्राम समाज और विकास के प्रश्न पूछे जाते हैं। हर सेक्शन में 25-25 प्रश्न होते हैं। लेखपाल की परीक्षा के लिए सामान्य ज्ञान, हिंदी सामान्य गणित और सामाजिक जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। लिखित परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू दोनों को मिलाकर जो भी मार्क्स मिलते हैं उसी के आधार पर लेखपाल को चुना जाता है।

## सैलरी

एक लेखपाल की सैलरी 5200-20200 रूपए प्रतिमाह पे-ग्रेड के अनुसार होती है। लेखपाल एक क्लेरिकल पोस्ट है जो ग्रुप सी के अंतर्गत आती है।





# टिफिन सर्विस का बिजनेस शुरू कर कमा सकते हैं लाखों

**साफ-सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर-उधर नहीं गिरना चाहिए।**

कोरोनावायरस अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है और इस दौर में कई जमे जमाए बिजनेस और दूसरे प्रोफेशनों की कमर टूट चुकी है। कई लोगों की इस आपदा में नौकरी गई है तो कई लोगों का बिजनेस चौपट हुआ है। सबसे अधिक असर पड़ने वाली इंडस्ट्रीज में, फूड इंडस्ट्री पर निश्चित रूप से बड़ा असर पड़ा है। होटल, ढाबे जहां पर लोग इकट्ठे होकर खाना खाते थे, वहां बिजनेस जबरदस्त ढंग से प्रभावित हुआ है। पर लोगों की खाना खाने की जरूरतें तो कम नहीं हुई हैं, ऐसे में कई जगहों पर सुरक्षित टिफिन सर्विस एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आ सकता है। आइए देखते हैं इसकी कहां कहां और किस प्रकार उपयोगिता है और आप इसके जरिए किस प्रकार शुरुआत कर सकते हैं और किस प्रकार कमाई कर सकते हैं।

## कारोबार को समझना जरूरी

ध्यान रखने वाली बात यह है कि बिजनेस चाहे कोई भी हो, किंतु उसे समझना एवं प्रबंधित करने का ढंग आपको वास्तविक रुप से उसका फायदा दिलाता है। अगर आप किसी बिजनेस को ठीक ढंग से मैनेज कर पाते हैं तो भारी मुनाफा और अच्छी क्रेडिबिलिटी हासिल कर सकते हैं। आखिर यूं ही तो आईआईएम से बड़े संस्थानों से निकले लोग सब्जी बेचकर या कोई छोटा मोटा रोजगार करके, या फिर खेती करके लाखों नहीं कमाते हैं ? उनके कमाने के उदाहरणों से प्रबंधन के गुणों को सीखना जरूरी है।

कारोबार को प्रबंधित करने से पहले कारोबार को समझना और ग्राउंड वर्क करना जरूरी है। आप जिस भी क्षेत्र में रहते हों, आस पास अगर कोई टिफिन सर्विस चलती है तो उसके पास खुद एक ग्राहक बनकर जाएँ और देखें कि वहां पर किस प्रकार से आपको टिफिन दी जाती है, उसके रेट क्या है, सब्जी इत्यादि की वैरायटी क्या है, अलग-अलग दिनों में वेज और नॉनवेज का कॉम्बिनेशन क्या है ? इतना ही नहीं, खाने की क्वालिटी कैसी है, डिलीवरी की टाइमिंग इत्यादि किस प्रकार से मैनेज किया जाता है, इन सब बातों को जब एक ग्राहक के तौर पर समझने की कोशिश करेंगे, तो आपको इसकी बारीकियां समझ आ जायेंगी।

## कस्टमर मैनेजमेंट और मार्केटिंग

यह एक बेहद महत्वपूर्ण फैक्टर है। जब आप एक कारोबार को समझ लेते हैं और ग्राउंड वर्क कर लेते हैं तो आपके सामने बड़ी चुनौती आती है कि कस्टमर आप किस प्रकार से ढूँढें ? तो इसके लिए आपको एडवर्टाइजमेंट करना पड़ेगा। इसके लिए आप खुद कैनवा जैसी ऑनलाइन सर्विस का प्रयोग करके अपनी टिफिन सर्विस का बैनर बना लें और व्हाट्सएप पर शेयर करें, खासकर उन कांटेक्ट में, जिस एरिया में आप बिजनेस करना चाहते हैं। शुरुआत में अगर आप के जानकार और आपके परिचित पहले ग्राहक बनते हैं, तो यह सबसे उत्तम होगा। एक तो ऑलरेडी वह आपको जानते हैं और दूसरे शुरू में विश्वास बनाने में आपको आसानी हो जाएगी। यह कार्य व्हाट्सएप पर आप आसानी से कर लेंगे, किंतु सिर्फ जानकारों में आप यह कार्य बढ़ा नहीं पाएंगे। कारोबार बढाने के लिए आपको पंपलेट छपवाने पड़ेंगे और आसपास के एरिया में डिस्ट्रीब्यूटर करना पड़ेगा। वह हॉस्टल हो सकता है, कंपनी हो सकती है, या कोई लोकलिटी हो सकती है। कस्टमर जब आपके बनने लगेंगे, तो उसको प्रबंधित करने में और क्वालिटी देने में आप चूक ना करें। ध्यान रखें, यह 21वीं सदी है और यहां पर जितनी बेहतरीन क्वालिटी और सर्विस आप देंगे, आपके ग्रो करने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। कम लागत के लिए पहले एकाध कस्टमर से ही शुरू करें, और अनुभव के साथ महीने बाद कारोबार को गति दें।

ध्यान रहे कि यह बिजनेस ना केवल शहर में, बल्कि छोटे-छोटे कस्बों और यहां तक कि गांव तक में चलने लगा है। गांव में कई घरों में बुजुर्ग व्यक्ति होते हैं, जो अकेले होते हैं। उनके बच्चे दूर शहरों में रोजी रोटी के लिए गए होते हैं, तो उनके लिए भी यह बेहद उपयोगी सर्विस है। ऐसे में निश्चित रूप से आपको इससे पुण्य और पैसा दोनों मिल सकता है।

### कुछ महत्वपूर्ण बातें

- साफ-सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर-उधर नहीं गिरना चाहिए।
- मेन्यू अपडेट करते रहें। साथ ही ध्यान रखें कि स्वाद के चक्कर में ऐसा नहीं होना चाहिए कि कस्टमर के हेल्थ से समझौता हो जाए। कल्पना करें कि अगर कोई खाना खाने के बाद कस्टमर का पेट खराब हो जाता है या उसे अन हेल्दी फील होता है तो आप अपने ग्राहक खो देंगे। हां ! स्वाद के लिए अपने मैन्यू में आप कोई मिठाई या दूसरी चीजें अपडेट करते रह सकते हैं।
- कस्टमर के फीडबैक के आधार पर किसी दिन उसकी पसंद का मैन्यू जरूर बना सकते हैं। त्यौहार इत्यादि के दिन पूरी या ऐसी दूसरी लोकल डिश कस्टमर को टेस्ट करा सकते हैं, पर यह कस्टमर के फीडबैक के आधार पर ही होना चाहिए।
- समय का पालन बहुत जरूरी है। अगर सुबह ब्रेकफास्ट 8 :00 बजे पहुंचाते हैं, तो यह किसी हालत में 8 से लेट नहीं होना चाहिए, बहुत पहले भी नहीं होना चाहिए। समय पर डिलीवरी आपके बारे में एक बेहतरीन राय कायम करेगी। अगर किसी कारण वश देरी होने की सम्भावना है तो व्हाट्सअप या कॉल पर कस्टमर को अपडेट जरूर कर दें।

## सार समाचार

### कांग्रेस में सिर्फ 65% मंडलम कमेटियों का हो पाया गठन, कई जिलाध्यक्षों पर गाज गिरना लगभग तय

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के अल्टीमेटम का अंतिम दिन समाप्त हो चुका है। इसके बाद कांग्रेस में अब तक सिर्फ 65प्र. मंडलम कमेटियों का ही गठन कर पाई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष 230 में से 150 विधानसभा सीटों पर ही मंडलम कमेटियां बन पाई। और इसके साथ ही 25 फरवरी तक मंडलम कमेटी बनाने के अल्टीमेटम जिलाध्यक्ष पूरा नहीं कर सके। जिसके बाद कांग्रेस के कई जिलाध्यक्षों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। दरअसल कमलनाथ ने जिलाध्यक्षों को 25 फरवरी तक मंडलम कमेटियों का गठन करने का निर्देश दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने टारगेट पूरा नहीं करने वाले जिलाध्यक्षों को 26 फरवरी को इस्तीफा देने का फरमान दिया था। वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्षों पर कमलनाथ के अल्टीमेटम का भी असर दिखाई नहीं दे रहा है। 17 फरवरी को कमलनाथ ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्षों की बैठक ली थी। बैठक में कमलनाथ ने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष को चेतावनी दी थी कि 25 फरवरी तक मंडलम और सेक्टर की नियुक्तियां कर ली जाए। जानकारी के अनुसार 25 फरवरी बीत जाने के बावजूद भी कई जिलाध्यक्ष मंडलम और सेक्टर की नियुक्ति नहीं कर पाए हैं। अब तक सिर्फ 65 फीसदी मंडलम कमेटियों का ही गठन हो पाया है। कमलनाथ के अल्टीमेटम की डेडलाइन खत्म हो चुकी है। उधर कांग्रेस प्रवक्ता संगीता शर्मा ने कहा कि कमलनाथ खुद सभी जिलाध्यक्षों की रिपोर्ट ले रहे हैं। जल्द सब जगह नियुक्ति की जाएगी। वहीं बीजेपी नेता रजनीश अग्रवाल ने कहा कि कमलनाथ मंडलम सेक्टर के बहाने धीरे-धीरे कांग्रेस के भीतर दूसरे गुटों के जिलाध्यक्षों को हटा रहे हैं।

### ताजा हिमपात और भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद

बनिहाल/जम्मू। जम्मू-कश्मीर में शनिवार को ताजा हिमपात और विभिन्न स्थानों पर हुए भूस्खलन के कारण 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद करना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग कश्मीर घाटी को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है, जो हर मौसम में यातायात के लिए खुली रहती है। अधिकारियों के मुताबिक, राजमार्ग के बनिहाल-काजीगुंड सेक्टर में रात भर हिमपात हुआ जबकि रामबन जिले के रोमपड़ी-बनिहाल, शालगढ़-वागन, मौमपासी-रामसू, पंथियाल, डिगडोले, मरूग, मंकी मोड़, कैफेटेरिया मोड़ और महर में भारी बारिश से भूस्खलन और पहाड़ियों से पत्थरों के टूटकर गिरने की घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि बारामूला का एक ट्रक चालक वसीम अहमद डार उस समय घायल हो गया जब उसका ट्रक मेहर इलाके में सुबह करीब साढ़े चार बजे एक बड़े विशाल पत्थर से टकरा गया। अधिकारियों ने कहा कि डार जम्मू से कश्मीर जा रहा था। हादसे के बाद पुलिस और नागरिक स्वयंसेवकों की एक संयुक्त टीम ने उसे बचाया। उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से दर्जनों ट्रक अलग-अलग जगहों पर फंसे हुए हैं। मौसम में सुधार के साथ सड़कों के रख-रखाव से संबंधित एजेंसियों को राजमार्ग से मलबा हटाने के लिए कर्मियों और मशीनरी को तैनात करने को कहा गया है। जम्मू क्षेत्र के किश्तवाड़, रियासी, डोडा, पुंछ, राजौरी और कठुआ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में भी हिमपात हुआ है। इन इलाकों में कुछ इंच से लेकर एक फुट से अधिक तक हिमपात होने की सूचना मिली है। माता वैष्णों देवी के मंदिर परिसर में भी हिमपात हुआ है। हालांकि, तीर्थयात्रा सुचारू रूप से जारी है।

### भारतीय वायु सेना ने ब्रिटेन में बहुपक्षीय अभ्यास में विमान न भेजने का फैसला किया

नयी दिल्ली। भारतीय वायु सेना ने यूक्रेन में संकट से पैदा हुई स्थिति को देखते हुए अगले महीने ब्रिटेन में होने वाले बहुपक्षीय हवाई अभ्यास में अपना विमान तैनात न करने का फैसला किया है। ह्यकोबरा वॉरियरह्न नाम का यह अभ्यास ब्रिटेन के वडिंगटन में छह से 27 मार्च तक होना है। भारतीय वायु सेना ने ट्वीट किया, ह्यह्यहाल के घटनाक्रम के मद्देनजर भारतीय वायु सेना ने ब्रिटेन में कोबरा वॉरियर अभ्यास 2022 के लिए अपना विमान न तैनात करने का फैसला किया है ह्नह्न इस घोषणा से कुछ दिनों पहले भारतीय वायु सेना ने कहा था कि वह अभ्यास के लिए पांच युद्धक विमानों को भेजेगा। बहरहाल, भारतीय वायु सेना ने अभ्यास से हटने की वजहों का स्पष्ट रूप से जिक्र नहीं किया है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यूक्रेन पर रूस के सैन्य हमले के बाद यह फैसला लिया गया है।

### देश में कोविड-19 के 11,499 नए मामले, 255 मरीजों की मौत

नयी दिल्ली। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 11,499 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,29,05,844 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,21,881 रह गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 255 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 5,13,481 हो गई। देश में अभी 1,21,881 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.28 प्रतिशत है।

पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 12,354 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.52 प्रतिशत हो गई है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 1.01 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 1.36 प्रतिशत दर्ज की गई। देश में अब तक कुल 4,22,70,482 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 177.13 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 255 मामले सामने आए। इनमें से केरल में 177 मरीजों की मौत हुई जबकि कर्नाटक में 15 लोगों की महामारी से जान गयी। आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 से अभी तक कुल 5,13,481 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 1,43,687, केरल के 64,980, कर्नाटक के 39,900, तमिलनाडु के 38,000, दिल्ली के 26,117, उत्तर प्रदेश के 23,447 और पश्विम बंगाल के 21,169 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# राहुल गांधी ने नेहरू और गांधी जी के पत्र संवाद का किया जिक्र, कौरवों से की ईडी, सीबीआई की तुलना



**अहमदाबाद। (एजेंसी)**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को गुजरात के द्वारका में चिंतन शिविर को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुजरात में मुझे हमेशा कुछ-न-कुछ सीखने को मिलता है क्योंकि आप लोग बहुत ही अनोखे ढंग से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी गुजरात से पैदा हुई है। उस वक्त हर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी उठी थी। विचारधारा और पार्टी की दिशा एक गुजराती ने दी थी। उसमें नेहरू जी, सरदार पटेल, सुभाषचंद्र बोस इत्यादि लोग थे। लेकिन पार्टी को दिशा महात्मा गांधी ने दिखाई थी।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और बाकी के नेताओं में बहुत ज्यादा फर्क था। मेरे परदादा गांधी जी के साथ काम करते थे और मैंने उनकी एक चिट्ठी पढ़ी थी। नेहरू जी चिट्ठी में लिखते हैं कि एक मामले को लेकर मेरी गांधीजी के साथ बातचीत हुई है और मेरा मत कह रहा है कि इस मामले में गांधी जी गलत बोल रहे हैं लेकिन मैं अंदर से जानता हूं कि मेरा दिमाग जो कह रहा है कि वो गलत हैं और वो मैं सही हूं लेकिन मैं जानता हूं कि वो सही हैं और मैं गलत हूं।

इसी बीच राहुल गांधी ने भगवान कृष्ण का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब लड़ाई हुई तो भगवान कृष्ण ने बड़ी होशियारी के साथ सवाल पूछा कि तुम्हें सेना चाहिए या फिर कृष्ण चाहिए। यह कोई मामूली सवाल नहीं बल्कि बहुत ही गहरा सवाल है। इस सवाल के माध्यम से कृष्ण भगवान यह पूछ रहे थे कि तुम्हें सच्चाई की लड़ाई लड़नी है या फिर छूठ की। अगर सच्चाई की लड़ाई लड़नी है तो सिर्फ 4-5 लोगों की जरूरत है और अगर छूठ की लड़ाई लड़नी है तो सबकुछ उठाकर ले जाओ।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कौरवों के 100 भाईयों की तुलना सीबीआई, ईडी इत्यादि से की। उन्होंने कहा कि गुजरात हमें यह सिखाता है कि एक तरफ सत्ता, सीबीआई, ईडी, मीडिया, कौरव हो तो कुछ फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि वह माया है और दूसरी तरफ सच्चाई। उन्होंने गांधी जी की तस्वीर की तरफ ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि सच्चाई ऐसी होती है।

राहुल गांधी ने कहा कि करता कौन है और बोलता कौन है। इस पर कांग्रेस में डिस्कनेक्ट है। एक तरफ कांग्रेस में वो लोग हैं, जो 24 घंटे लगे रहते हैं, लाठी खाते हैं। दूसरी तरफ वो है जो एसी में बैठते हैं, मौज करते हैं और लंबे भाषण देते हैं। उन्होंने कहा कि जरात के लोगों को हमें कांग्रेस की लिस्ट दिखानी है कि एक तरफ काम के लोग हैं, ये लोग गुजरात को रास्त दिखा देंगे। दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो परेशानी पैदा करते हैं।

# भारत 'इकलौता देश' है जिसने दूसरों की कभी एक इंच जमीन नहीं हड़पी : राजनाथ सिंह

**लखनऊ (एजेंसी)**



नयी दिल्ली। दिल्ली विश्व विद्यालय के ९८वें दीक्षांत समारोह में शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दावा किया कि भारत दुनिया का 'इकलौता देश' है जिसने कभी हमला नहीं किया और ना ही दूसरे देशों की एक इंच जमीन हड़पी। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन के दौरान राजनाथ ने कहा कि भारत की शक्ति दुनिया के कल्याण के लिए है, ना कि किसी को डराने के लिए। दीक्षांत समारोह के दौरान 1,73,443 विद्यार्थियों को डिजिटल डिग्री से सम्मानित किया गया। राजनाथ ने कहा, 'हमारा सपना भारत को जगत गुरु बनाना है। हम देश को शक्तिशाली, समृद्ध, ज्ञानी और मूल्यवान बनाना चाहते हैं।

भारत इकलौता ऐसा देश है जिसने कभी किसी दूसरे देश पर हमला या उसकी एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं किया।' रक्षा मंत्री के मुताबिक अब दुनिया भी मानती है कि भारत कभी ज्ञान और विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में विश्व में अग्रणी था। उन्होंने कहा कि कई तथाकथित प्रगतिवादी हैं जो देश की सांस्कृतिक उत्कृष्टता को धूमिल करने समेत सवाल खड़े करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजादी के इस अमृत काल में, जब देश आजादी के 75 साल का जश्न मना रहा है, हमें समानता, सद्भाव और ज्ञान की महान परंपरा को याद करना चाहिए और एक साजिश के तहत हमारे अंदर भरे गए जहर को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने प्राचीन ऋषियों, वैज्ञानिकों और विद्वानों के नामों का हवाला देते हुए कहा कि भारत विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी था, लेकिन सदियों की गुलामी के कारण कई लोग इस बात से अनजान थे। उन्होंने कहा कि 'शून्य' की अवधारणा भारत द्वारा दी गई थी, श्रीधराचार्य ने द्विघात समीकरण दिया था, पाइथागोरस के 300 साल पहले पाइथागोरस प्रमेय बोधायन ने दिया था। उन्होंगे आगे बताया कि इस देश में ईसा मसीह से पहले सर्जरी की गई, कॉपरनिकस से पहले आर्यभट्ट ने पृथ्वी के आकार की व्याख्या करके बता दिया था कि यह अपनी धुरी पर घूमती है।

देश की आध्यात्मिक शक्ति के बारे में बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि स्टीव जॉब्स और मार्क जुकरबर्ग जैसे लोग भी मुसीबत के समय शांति के लिए नैनीताल के पास कांची धाम में नीम करोली बाबा के पास गये। उन्होंने युवाओं से देश के हितों के खिलाफ किसी भी गतिविधि में शामिल होने से बचने का संकल्प लेने का आह्वान किया। दोषी आतंकवादियों अफजल गुरु, याकूब मेमन और अमेरिका स्थित ट्विन टावरों के हमलावरों के नामों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह गलत धारणा है कि आतंकवाद का कारण गरीबी और शिक्षा की कमी है। कार्यक्रम के दौरान सिंह ने छात्रों को 197 पदक भी प्रदान किए। रिकॉर्ड संख्या में लोगों को ८02 डॉक्टरेट डिग्री से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले कुलपति योगेश सिंह के बताया कि विश्वविद्यालय इस साल 1 मई को 100 साल पूरे करने जा रहा है।

## योगी का सपा पर तंज, कहा- परिवारवादी पार्टी कभी यूपी का भला नहीं कर सकती

**आम्बेडकर नगर (उप्र) (एजेंसी)**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्षी दलों खासतौर पर समाजवादी पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि यह परिवारवादी पार्टी कभी उत्तर प्रदेश का भला नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री ने आम्बेडकर नगर जिले की कटहरी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के साथ मिल कर चुनाव लड़ रही निषाद पार्टी के उम्मीदवार अवधेश कुमार द्विवेदी के समर्थन में शनिवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।

योगी ने कहा कि आम्बेडकर नगर की जब बात होती है तो डॉक्टर राम मनोहर लोहिया का स्मरण हो उठता है और सब जानते हैं कि यह डॉक्टर लोहिया की पावन भूमि है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (डॉक्टर लोहिया) बहुत बड़े समाजवादी चिंतक थे और 1960 के दशक में उन्होंने राज्य के कई जिलों में रामायण मेले की शुरूआत लेकिन उनके तथाकथित अनुयायी रामभक्तों पर गोली चलवाते हैं। लोहिया के समाजवाद की सराहना करते हुए योगी ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि ये जो तथाकथित समाजवादी हैं, सहयोग सबका चाहते हैं लेकिन इनका नारा है सबका साथ-केवल सैफई खानदान का विकास और ये इससे बाहर सोच ही नहीं सकते हैं।'

उन्होंने कहा, इन लोगों ने अपने शासन काल में अराजकता, गुंडागर्दी और हर जगह अव्यवस्था फैलाई, इनके शासन में दंगे होते गये, परिवारवादियों ने विकास नहीं होने दिया।' योगी ने गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ और सबका विकास के भाव के साथ कार्य कर रही है।

## अगर भाजपा चुनाव जीत गई तो लोकतंत्र और संविधान खत्म कर देगी : अखिलेश यादव

**बलरामपुर (उप्र)। (एजेंसी)**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि यह लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है और अगर भाजपा चुनाव जीत गयी तो वह लोकतंत्र और संविधान को खत्म कर देगी। यादव ने शनिवार को बलरामपुर में एक चुनावी जनसभा में कहा कि भाजपा सरकारी संस्थाओं को बेच कर आरक्षण खत्म करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पलटवार करते हुए यादव ने कहा, बाबा मुख्यमंत्री मुझे दंगेश कहते हैं लेकिन अपना चेहरा शीशे में नहीं देखते, अगर शीशे में अपना चेहरा देखें तो पता चल जाएगा कि दंगेश कौन है।'

उन्होंने कहा कि सपा की मांग है कि जातीय जनगणना कराई जाए लेकिन भाजपा जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती है, ऐसे में प्रदेश में सपा सरकार बनते ही जातीय जनगणना कराई जाएगी। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा वाले कानून व्यवस्था की बात तो करते हैं लेकिन इनके राज में कोई सुरक्षित नहीं है, सबसे ज्यादा मौतें पुलिस हिरासत में हो रही हैं और यहाँ तक कि अवैध वसूली के मामले में एक आईपीएस अभी भी फरार चल रहा है लेकिन आज तक उसकी गिरफ्तारी नही हो पाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है लोग बेरोजगार हो गए है। पूर्व मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि प्रदेश में ग्यारह लाख पद खाली पड़े है जैसे ही सपा की सरकार बनेगी, खाली पदों को भरा जाएगा।

# भाजपा का सवाल, गिरफ्तारी के बावजूद नवाब मलिक को इस्तीफा देने के लिए क्यों नहीं कहा गया

**मुंबई।(एजेंसी)**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई ने नवाब मलिक की गिरफ्तारी को लेकर राज्य की महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे उन्हें पद छोड़ने के लिए क्यों नहीं कह रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने शनिवार को पुणे में संवाददाताओं से कहा कि इससे पहले भी आरोपों का सामना कर रहे एमवीए सरकार के कुछ मंत्रियों ने अपने पद से इस्तीफा दिया था, इसलिए मलिक को भी इस परंपरा का पालन करते हुए मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए।





चंद्रकांत पाटिल ने कहा, 'नवाब मलिक पर धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। यदि कोई सरकारी कर्मचारी आपराधिक आरोपों का सामना करता है और उसे गिरफ्तार किया जाता है, तो उस व्यक्ति को न केवल निलंबित किया जाता है, बल्कि वह अपना पद भी खो देता है।' भाजपा नेता ने कहा कि नवाब मलिक पर भी यही नियम लागू होना चाहिए और मुख्यमंत्री उनका इस्तीफा क्यों नहीं मांग रहे हैं? उन्होंने कहा कि नवाब मलिक का इस्तीफा न लेकर राज्य की एमवीए सरकार एक आरोपी को बचा रही है और भाजपा इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक कार्य मंत्री नवाब मलिक को धनशोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पीएमएलए अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक को तीन मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। ईडी का कहना है कि यह जांच, भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम, उसके सहयोगियों और मुंबई अंडरवर्ल्ड की गतिविधियों से जुड़ी धन शोधन की जांच से संबंधित है। नवाब मलिक को शुक्रवार को पेट में दर्द होने की शिकायत के बाद मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# 'एक भारत एक स्वास्थ्य' की भावना में कर रहे काम, पीएम मोदी बोले- हेल्थकेयर सिस्टम को रिफॉर्म करने का प्रयास जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि हम स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे पर काम कर रहे हैं, जो केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, 'एक भारत एक स्वास्थ्य' की भावना में काम कर रहे हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र पर बजट के बाद वेबिनार में अपना संबोधन दिया। मोदी ने कहा कि सबसे पहले तो आप सभी को दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीनेशन मिशन को सफलतापूर्वक चलाने के लिए 130 करोड़ देशवासियों की तरफ से मैं बहुत बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन हो, फिट इंडिया मिशन हो, पोषण मिशन हो, मिशन इंद्रधनुष हो, आयुष्मान भारत हो, जल जीवन मिशन हो, ऐसे सभी मिशन को हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों तक लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि ये बजट बीते 7 साल से हेल्थकेयर सिस्टम को रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करने के हमारे प्रयासों को विस्तार देता है। हमने अपने हेल्थकेयर सिस्टम में एक समग्र दृष्टिकोण को अपनाया है। आज हमारा फोकस हेल्थ तो है ही, कल्याण पर भी उतना ही अधिक है।

मोदी ने कहा कि जब हम हेल्थ सेक्टर में समग्रता की बात करते हैं तो इसमें तीन फैक्टर्स का समावेश कर रहे हैं। पहला- आधुनिक चिकित्सा विज्ञान से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और ह्यूमेन रिसोर्स का विस्तार। दूसरा- आयुष जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान को प्रोत्साहन करना। तीसराह्न आधुनिक और भविष्य की तकनीक के माध्यम से देश के हर व्यक्ति, हर हिस्से तक बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि क्रिटिकल हेल्थकेयर सुविधाएं ब्लॉक स्तर, ज़िला स्तर और गांवों के नजदीक हों। इस इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखना और समय-समय पर अपग्रेड करना जरूरी है। इसके लिए प्राइवेट सेक्टर और दूसरे सेक्टर्स को भी ज्यादा ऊर्जा के साथ आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि प्राइमरी हेल्थकेयर नेटवर्क को सशक्त करने के लिए डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के निर्माण का काम भी तेजी से चल रहा है। अभी तक 85,000 से अधिक सेंटर्स रुटीन चेकअप, वैक्सीनेशन और टेस्ट की सुविधा दे रहे हैं। इस बार के बजट में इनमें मेन्टल हेल्थकेयर की सुविधा भी जोड़ी गई है।

मोदी ने कहा कि जैसे-जैसे हेल्थ सर्विस की डिमांड बढ़ रही है, उसके अनुसार ही हम स्किल्ड हेल्थ प्रोफेशनल्स तैयार करने का भी प्रयास कर रहे हैं इसलिए बजट में हेल्थ एजुकेशन और हेल्थकेयर से जुड़े ह्युमेन रिसोर्स डेवलपमेंट के लिए पिछले साल की तुलना में बड़ी वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन में कोविन जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से हमारी डिजिटल टेक्नोलॉजी का लोहा पूरी दुनिया ने माना है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, कंज्यूमर और हेल्थकेयर प्रोवाइडर के बीच एक आसान इंटरफेस उपलब्ध कराता है। इससे देश में उपचार पाना और देना, दोनों बहुत आसान हो जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष की भूमिका तो आज पूरी दुनिया भी मान रही है। हमारे लिए गर्व की बात है कि हल्ढ भारत में अपना विश्व में अकेला ग्लोबल सेंटर ऑफ ट्रेडिशनल मेडिसिन शुरू करने जा रहा है।

मोदी ने कहा कि प्राइमरी हेल्थकेयर नेटवर्क को सशक्त करने के लिए 1.5 लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के निर्माण का काम भी तेजी से चल रहा है। अभी तक 85,000 से अधिक सेंटर्स रुटीन चेकअप, वैक्सीनेशन और टेस्ट्स की सुविधा दे रहे हैं। इस बार के बजट में इनमें मेन्टल हेल्थकेयर की सुविधा भी जोड़ी गई है। उन्होंने कहा कि बेहतर पॉलिसी के साथ ही उनका इम्प्लीमेंटेशन भी बहुत आवश्यक होता है इसके लिए जरूरी है कि ग्राउंड पर जो लोग पॉलिसी को उतारते हैं, उन पर ज्यादा ध्यान दिया जाए इसलिए इस बजट में हमनें 2 लाख आंगनवाड़ियों को सक्षम आंगनवाड़ियों में अपग्रेड करके उन्हें और सशक्त बनाने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि ये भारत के क्वालिटी और **affordable** हेल्थकेयर सिस्टम की ग्लोबल **access** भी आसान बनाएगा। इससे मेडिकल टूरिज्म बढ़ेगा और देशवासियों के लिए **income opportunities** बढ़ेंगी।







# कटरीना कैफ और विक्की कौशल करेंगे इंडियन टीवी पर डेब्यू

बॉलीवुड के पॉपुलर कपल कटरीना कैफ और विक्की कौशल जल्द ही एक टीवी शो में एक साथ अपनी पहली अपीयरेंस के लिए तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों जल्द ही स्टार प्लस के शो 'स्मार्ट जोड़ी' पर बतौर कपल नजर आ सकते हैं। शो के मेकर्स उन्हें साथ में लाने की काफी कोशिश कर रहे हैं। हांलाकि इस शो से कपल का इंडियन टीवी पर डेब्यू होगा। वहीं दोनों को शो में साथ लाकर चैनल को भी खूब पब्लिसिटी हासिल होगी।

## कटरीना और विक्की ने शो में आने के लिए नहीं की है हां

सूत्र कहते हैं, ''शो के मेकर्स चाहते हैं कि शो 'स्मार्ट जोड़ी' के शुरुआती एपिसोड में विक्की-कटरीना को सेलिब्रिटी गेस्ट बनकर आएं। शो में अगर विक्की-कटरीना गेस्ट बनकर आते हैं, तो ये बड़ा मूव होगा।'' हांलाकि अभी तक कटरीना और विक्की ने शो के लिए हां नहीं कहा है। 'स्मार्ट जोड़ी' को मनीष पॉल होस्ट करेंगे। ये शो कन्नड़ शो 'इस्मार्ट जोड़ी' का रीमेक है। इस शो में नील भट्ट-ऐश्वर्या शर्मा, राहुल महाजन-नताली, भाग्यश्री-हिमालया दसानी बतौर कंटेस्टेंट्स नजर आएंगे। बता दें शो में कपल्स को फन गेम्स खेलने होंगे।

## पिछले साल शादी के बंधन में बंधे है विक्की और कटरीना


कटरीना और विक्की की बात करें तो उन्होंने कुछ महीने पहले यानी पिछले साल 9 दिसंबर 2021 को राजस्थान के सिक्स सेंसेस फोर्ट में शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों 2019 से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो कटरीना जल्द ही सलमान खान के साथ फिल्म 'टाइगर 3' में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा वे 'फोन भूत' में सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर के साथ दिखाई देंगी। वहीं विक्की की बात करें तो वे इन दिनों इंदौर में सारा अली खान के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'प्रोडक्शन नंबर 25' की शूटिंग कर रहे हैं। इसके अलावा विक्की जल्द ही 'गोविंदा नाम मेरा', 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' और डायरेक्टर लक्ष्मन उतेकर की अगली अनटाइटल्ड फिल्म में नजर आने वाले हैं।

# गंगूबाई काठियावाड़ी की कॉस्टिंग सबसे बड़ी गलती

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद से ही आलिया की एक्टिंग की जमकर तारीफ हो रही है। आलिया इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। वहीं अब बॉलीवुड की बेबाक एक्ट्रेस कंगना रनौट ने फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी को लेकर आलिया भट्ट पर निशाना साधा है। हालांकि, उन्होंने आलिया भट्ट का नाम नहीं लिया है। लेकिन उनकी इंस्टा स्टोरी पढ़कर किसी के लिए भी समझना मुश्किल नहीं है। कंगना रनौत ने लिखा, इस शुक्रवार को 200 करोड़ रुपए बॉक्स ऑफिस पर जलकर राख बन जाएंगे। पापा (मूवी माफिया डैडी) की परी (ब्रिटिश पासपोर्ट वाली) क्योंकि पापा ये साबित करना चाहते हैं कि रॉम कॉम बिंबो एक्टिंग कर सकती है। इस फिल्म की कास्टिंग सबसे बड़ी कमी है। उन्होंने लिखा, ये नहीं सुधरेंगे इसलिए इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि स्क्रीन अब हॉलीवुड और साउथ की तरफ जा रहा है। बॉलीवुड किस्मत तक तक खराब है जब तक मूवी माफिया पॉवर में हैं। बॉलीवुड माफिया डैडी पापा जिन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में वर्क कल्चर को अकेले ही बर्बाद कर दिया। उन्होंने कई बड़े डायरेक्टर्स के साथ इमोशनली जोड़-तोड़ किया है और उनके सिनेमा टैलेंट पर अपने प्रोडक्ट्स को थोपा है, इसकी रिलीज के बाद एक और उदाहरण सामने आएगा। कंगना ने लिखा, लोगों को उनको एंटरटेन बंद करने की आवश्यकता है, इस शुक्रवार रिलीज में एक बड़ा हीरो और सबसे बड़ा डायरेक्टर भी उनके जोड़-तोड़ का नया शिकार है। कंगना रनौट ने भले ही अपने पोस्ट में आलिया भट्ट और फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी का जिक्र नहीं किया है लेकिन उनका निशाना किस पर है यह साफ है। बता दें कि इससे पहले कंगना ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक छोटी बच्ची के वीडियो पर आपत्ति जताई थी। इस वीडियो में बच्ची गंगूबाई स्टाइल में आलिया भट्ट का एक डायलॉग बोलती नजर आ रही थीं। इसपर कंगना ने लिखा था, क्या इस बच्चे को एक सेक्स वर्कर की नकल मुंह में बीड़ी और कच्चे और अश्लील संवादों केसाथ करनी चाहिए? ऐसे बच्चों के मां-बाप के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, जो अपने बच्चों से ऐसा काम करवाते हैं।



# अजय देवगन स्टारर भोला की शूटिंग हुई शुरू



अजय देवगन स्टारर कैथी के हिंदी रिमेक की शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म में अजय के साथ तब्बू भी नजर आएंगी। कैथी के हिंदी रिमेक का नाम भोला है। इस बात की जानकारी तब्बू सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी है। भोला को अजय के कजिन धर्मेंद्र शर्मा डायरेक्ट कर रहे हैं।



बीते कुछ वक्त में कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं, जिन्होंने दर्शकों का दिल जीता और साथ ही साथ बॉक्स ऑफिस पर भी धमाका किया है। ऐसे में अब एक और फिल्म दर्शकों के बीच आने के लिए तैयार है, जिसका बजट 400 करोड़ रुपये है। भारत और पोलैंड के लिए एक कमाल का ऐतिहासिक क्षण हुआ था जब जामनगर के महाराजा दिग्विजय सिंह और रंजीत सिंह जडेजा (जिन्हें जाम साहब भी कहा जाता है) ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उस समय के सोवियत रूस से बचाए गए 1000 पॉलिश बच्चों को बलाचडी, गुजरात में शरण दी थी। वे बच्चे महाराजा साहब को प्यार से 'बापू' भी कहते थे।

# 'द गुड महाराजा' का बजट है 400 करोड़ रुपये टाइटल रोल में हैं संजय दत्त

## शुरू हुआ काम

ये प्यार से कहे गए वो शब्द थे जिनकी गूंज समय के अंतराल को पार कर के दो देशों को उस समय करीब लाई जब बहुत से देशों के सबसे मजबूत समझे जाने वाले गठबंधन भी पूरी तरह से टूट चुके थे। बॉलीवुड फिल्ममेकर विकाश वर्मा ने जो हाल ही में अपनी मेगा बजट वाली इंडो-पोलिश फिल्म 'नो मीन्स नो' के लिए सुर्खियों में हैं। महाराजा दिग्विजय सिंह और रंजीत सिंह जडेजा द्वारा 1000 पोलिश बच्चों को बचाने के लिए किए गए युद्ध की दिल छू लेने वाली सच्ची कहानी पर आधारित अपने अगले प्रोजेक्ट 'द गुड महाराजा' की प्रिंसिपल फोटोग्राफी शुरू कर दी है।

## 'नो मीन्स नो' के बाद दूसरा प्रयास

'नो मीन्स नो' के बाद यह भारत और पोलैंड का दूसरा मिला-जुला प्रयास होगा जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का गहरा और बेहतर बनना सुनिश्चित है। विकाश का आगे बढ़कर ऐसा प्रयास करना शोमैन राज कपूर की याद दिलाता है, जिनकी 1970 की फिल्म मेरा नाम जोकर जिसने भारत और सोवियत रूस के बीच के रिश्तों को फिर से मजबूत कर दिया था। हम महाराजा दिग्विजय सिंह, रंजीत सिंह जडेजा की बेटी हर्षद कुमारी के निधन पर शोक व्यक्त कर रहे हैं जो 2 फरवरी 2022 को दुनिया को अलविदा कह गईं।

## विकाश ने दी श्रद्धांजलि

विकाश ने उनको भरे मन से भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'यह एक युग का अंत है। उन कुछ लोगों में से एक, जो द गुड महाराजा की आत्मा को छू लेने वाले हावभाव को देख चुके थे, स्वर्ग में चले गए। वो चंद ऐसे बचे हुए लोगों में से थीं जिन्होंने महाराजा साहब के दिल की गहराईयों को छू लेने वाले प्रयासों को देखा था और अब वो दिवंगत हो गयी हैं। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि जीवन की लंबी यात्रा के बाद उनको मोक्ष प्राप्त हो।'

## क्या है स्टार कास्ट

भारत में पोलैंड के राजदूत, महामहिम श्री एडम बुराकोव्स्की द्वारा भी हर्षद कुमारी जी के लिए भावपूर्ण श्रद्धांजलि ट्वीट की गयी थी। फिल्म 'द गुड महाराजा' में संजय दत्त नवांनगर (अब जामनगर, गुजरात भारत) के महाराजा जाम साहिब के टाइटल रोल में हैं और साथ ही ध्रुव वर्मा एक रूसी स्नाइपर के लीड रोल में हैं, पर वो हीरो के रोल में हैं कि विलेन के यह पता नहीं चल सका है। उनके साथ भारत से गुलशन ग्रोवर, दीपराज राणा, शरद कपूर और नाजिया हुसैन जैसे दिग्गज ऐक्टर्स हैं, वहीं पोलैंड के टैलेंटेड ऐक्टर्स एना एडोर, कैट क्रिस्टियन, अन्ना गुजिक, नतालिया बाक, पावेल चेक, सिल्विया चेक, जेरजी हैंडज़िलक और जेसेक बिंदा भी हैं।

## 400 करोड़ होगा फिल्म का बजट

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का मेगा बजट 400 करोड़ रुपये होगा। इस तरह के बड़े बजट के साथ हम निश्चित रूप से बहुत अच्छे स्टैंडर्ड की शानदार फिल्म की उम्मीद कर सकते हैं। फिल्म की तैयारी के बारे में पूछे जाने पर विकाश ने कहा, इस तरह की मास्टरपीस कहानी जो दुनिया के इतिहास में एक खास मौके पर रची-बसी हो, तो फिल्म से जुड़े हर एक पक्ष के लिए रिसर्च सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। चाहे वो स्क्रिप्टिंग हो, डायलॉग्स हों, एक्शन हो, कॉस्ट्यूम आदि हों, दर्शकों के लिए सिनेमा का सबसे प्रामाणिक अनुभव लाने के लिए फिल्म का हर डिपार्टमेंट गहरी रिसर्च करने में लगा हुआ है।

# दृश्यम 2 में हुई अक्षय खन्ना की एंट्री

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन इन दिनों अपनी अगली फिल्म दृश्यम 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में अजय के साथ एक बार फिर तब्बू और श्रिया सरन नजर आने वाली है। वहीं अब फिल्म में एक और एक्टर की एंट्री हो गई है। इस फिल्म में अक्षय खन्ना पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाते नजर आएंगे। अक्षय खन्ना का किरदार कोई साइड किरदार नहीं है। उनके लिए खासतौर से पूरा किरदार लिखा गया है जिसे वह फिल्म में परफार्म करते नजर आएंगे। गौरतलब है कि अजय देवगन ने पिछले दिनों नवी मुंबई में फिल्म की शूटिंग की थी और पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। अजय देवगन की दृश्यम इसी नाम की मलयालम भाषा में बनी सुपरस्टार मोहनलाल की फिल्म की हिंदी रीमेक थी, जिसे निशिकांत कामत ने निर्देशित किया था। 'दृश्यम 2' को अभिषेक पाठक निर्देशित कर रहे हैं।




# अभिषेक बच्चन ने कमाल आर खान को दिया जवाब

बॉलीवुड में विवादों को हवा देनें वाले कमाल आर खान एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में अभिषेक बच्चन के ट्वीट को री-ट्वीट करते हुए निशाना साधा है। अभिषेक ने मलयालम फिल्म वाशी के मोशन पोस्टर को शेयर करते हुए तारीफ की। उन्होंने लिखा, मलायलम इंडस्ट्री की एक और शानदार फिल्म। इस पर केआरके ने लिखा, भाई कभी आप बॉलीवुड वाले भी कोई शानदार फिल्म बना देना। जिसके बाद अभिषेक भी उनके ट्वीट पर मजेदार रिप्लाई किया है।





# वलिमै में इंटरनेशनल लेवल का एक्शन देखने को मिलेगा

**इन दिनों अजीत कुमार, हुमा कुरैशी और कार्तिकेय गुम्माकोंडा स्टारर फिल्म वलिमै की चर्चा जोरों पर है। एच. विनोथ लिखित-निर्देशित, बोनी कपूर निर्मित इस फिल्म को तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में पैन इंडिया 24 फरवरी को रिलीज किया जाएगा। फिल्म के बारे में बोनी कपूर ने विशेष बातचीत की।**

## 80 दिन एक्शन सीन में लगे, जबकि पूरी फिल्म को शूट करने में लगे 150 दिन

वलिमै फिल्म में इंटरनेशनल लेवल का एक्शन है। इसे फिल्माने में कुल 150 दिन लगे। इसमें कम से कम 80 दिन तो एक्शन सीन शूट करने में लगे। एक-एक एक्शन सीक्वेंस सीन को शूट करने में 20 से 25 दिन लगे हैं। शूटिंग के दौरान एक तो कोविड की महामारी चल रही थी। हमने रास्ते, लाइव लोकेशन आदि पर शूटिंग की है। इसके लिए परमिशन की प्रॉब्लम थी। हमारा यूनिट 300 से 400 लोगों को होता था। सेफ्टी प्रोटोकॉल रखना पड़ता था। सेट पर दो-दो एम्बुलेंस और कई डॉक्टर मौजूद होते थे। एक्शन सीक्वेंस पर डिपेंड करता था कि कितने लोग और कितनी गाड़ियां होगीं। हमने एक्शन सीक्वेंस में 100 से 125 मोटर साइकिल यूज की हैं। 15-20 तो गाड़ियां यूज की हैं और कुछ में ब्लास्ट भी किए हैं। कई बसें और उनकी बॉडी इस्तेमाल की है। मतलब एक बस में पूरा एक्शन सीक्वेंस होता था, तब उसका डुप्लीकेट बस बनाई थी कि कोई खराब हो जाए, तब दूसरी बस चले। फिल्म में विलेन और चोर लोग ऐसे हैं, जो काम पूरा करके मोटर साइकिल को एक जगह फेंक देते हैं। हमने रशिया में भी जाकर कुछ 25-30 मोटर साइकिल खरीदी थी, क्योंकि एक एक्शन सीक्वेंस रशिया में किया था। फिलहाल, शूटिंग के बाद उन्हें वहीं आधे दाम पर बेच दिया। एक बार मोटर साइकिल उड़ाते हुए उलट गई। इसे अजीत साहब खुद चला रहे थे। इस एक्शन सीन में उनको काफी चोट भी लगी। उनके घुटने-पैर छिल गए थे, लेकिन अगले दिन वे एकदम टाइम से सेट पर शूटिंग के लिए आ गए। इसकी मेकिंग वीडियो में साफ देखने को मिलेगा।

अजीत कुमार तमिल का सुपर स्टार है। पहली बार यह पिक्चर पैन इंडिया लग रही है। अजीत एक ऐसा हीरो है, जो न तो कभी किसी मीडिया से बात करता है, न अवॉर्ड फंक्शन पर आता है और न ही फिल्म के मुहूर्त पर आता है३ कहीं भी नहीं। इसके बावजूद उनकी फैन फॉलोइंग इतनी है कि कभी चेन्नई आकर देखें, तब पता चलेगा। मैंने अजीत के साथ पहली बार एक तमिल पिक्चर बनाई थी। उसका शो रात डेढ़ बजे शुरू हुआ, तब 1000 लोगों की कैपिसिटी सिंगल स्क्रीन में थी और कम से कम 20 हजार लोग बाहर बैठकर फिल्म देखने का इंतजार कर रहे थे। रात डेढ़ का एक शो, फिर चार बजे और उसके बाद सुबह 7 बजे३ऐसा करके हर स्टूडियो में 24 घंटे पिक्चर चलती रहती रही।

# तमन्ना भाटिया ने शुरू की मधुर भंडारकर की फिल्म बबली बाउंसर की शूटिंग

साउथ और बॉलीवुड फिल्मों की एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का नाम बबली बाउंसर है। तमन्ना की इस फिल्म को मधुर भंडारकर निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी तमन्ना ने सोशल मीडिया के जरिए दी है। उन्होंने मधुर भंडारकर संग फिल्म के सेट से तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में दोनों क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ तमन्ना ने लिखा, घना इंतजार किया है इस दिन का। जब से मधुर भंडारकर ने बबली बाउंसर के बारे में बताया, मैं तो बबली ही बनगी। आज से शूट शुरू। बताया जा रहा है कि फिल्म बबली बाउंसर की कहानी एक महिला बाउंसर की जिंदगी पर आधारित है। जिसमें तमन्ना बबली बाउंसर के लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म में तमन्ना के अलावा सौरभ शुक्ला, अभिषेक बजाज और साहिल वैद भी अहम रोल में हैं। फिल्म को फॉक्स स्टार स्टूडियोज और जंगली पिक्चर्स साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस साल के अंत तक फिल्म को तीन भाषाओं हिंदी, तमिल और तेलेगु में रिलीज किया जा सकता है।



## सार समाचार

### मृतकों के आंकड़ों के साथ हेर-फेर कर सकता है रूस, बख्तरबंद गाड़ियों के साथ तैनात है शव जलाने वाला वाहन

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। दोनों ओर मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रूसी सेना राजधानी कीव में प्रवेश कर चुकी है और उसकी यूक्रेनी सैनिकों के साथ कुछ मुठभेड़ें भी हुई हैं। बीच-बीच में गोलीबारी की आवाजें भी लोगों को सुनाई दी है। इसी बीच दावा किया जा रहा है कि रूस सैनिकों की मौत का आंकड़ा छुपा सकता है क्योंकि उसके पास 'मोबाइल शवदाहगृह' है। एक रिपोर्ट में दावा किया कि रूस बख्तरबंद गाड़ियों के बीच में मोबाइल शवदाहगृह को लेकर चल रहा है। यह एक तरफ का चलता फिरता श्मशान घाट है। जिसमें मृतकों का अंतिम संस्कार किया जा सकता है। ऐसे में दावा किया जा रहा है कि रूस मृतकों की संख्या कम बता सकता है क्योंकि वह युद्ध क्षेत्र में मोबाइल शवदाहगृह के माध्यम से अंतिम संस्कार कर सकता है। अंग्रेजी समाचार द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें सामान्य से ट्रकों में 'मोबाइल शवदाहगृह' सिस्टम को फिट किया गया है। यह चलता फिरता श्मशान घाट है और यह पूरी तरह से इलेक्ट्रिक है। इस मामले में ब्रिटिश रक्षा सचिव का कहना है कि इस प्रणाली के माध्यम से युद्ध के नुकसान को कवर किया जा सकता है।

यूक्रेन में 198 लोगों की हुई मौत

यूक्रेन के स्वास्थ्य मंत्री विक्टर ल्याशको ने बताया कि रूसी हमले में 198 लोग मारे गए हैं और 1,000 से अधिक लोग जख्मी हुए हैं। ल्याशको ने बताया कि मरने वालों में तीन बच्चे भी हैं। उनके बयान से यह स्पष्ट नहीं हुआ कि हताहतों में कितने सैनिक और आम नागरिक हैं। वहीं यूक्रेन ने दावा किया कि उन्होंने 1,000 से ज्यादा रूसी सैनिकों को मार गिराया है।

### श्रीलंका में आईओसी ने पेट्रोल, डीजल के दाम बढ़ाए , पेट्रोल 204 और डीजल 139 में

कोलंबो । इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की श्रीलंका स्थित अनुषंगी ने ईंधन की कीमतों में इजाफे का हवाला देकर शनिवार को पेट्रोल की कीमत 20 रुपये और डीजल की 15 रुपये तक बढ़ा दी। लंका इंडियन ऑयल कंपनी (एलआईओसी) ने इस महीने ईंधन के दाम दूसरी बार बढ़ाए हैं।इसके बाद श्रीलंका में पेट्रोल के दाम 204 रुपये प्रति लीटर और डीजल के 139 रुपये प्रति लीटर है। श्रीलंकाई वित्त मंत्री बासिल राजपक्षे नई दिल्ली के साथ और आर्थिक राहत बंदोबस्त पर बात करने भारत के दौरे पर आने वाले थे लेकिन यह दौरा अभी और टल गया है। इस बीच एलआईओसी ने दामों में बढ़ोतरी कर दी। बासिल राजपक्षे और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे इस सप्ताह के अंत में दिल्ली के लिए रवाना होने वाले थे।

### अप्रतिम साहस ! रूसी सेना के टैंकों को रोकने के लिए यूक्रेनी सैनिक ने खुद को पुल के साथ उड़ाया

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। ऐसे में तरह-तरह की चौंका देने वाली खबरें सामने आ रही हैं। आपको बता दें कि रूसी सैनिक यूक्रेन की राजधानी कीव में प्रवेश कर चुके हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के सलाहकार मिखाइलो पोदोलिक ने बताया कि रूसी सेना के छोटे समूहों ने कीव में घुसपैठ करने की कोशिश की और यूक्रेनी सैनिकों के साथ उनकी मुठभेड़ हुई। कीव में भीषण संघर्ष के बीच में एक यूक्रेनी सैनिक ने अप्रतिम साहस का उदाहरण पेश किया। यूक्रेनी सैनिक ने अपने देश में रूसी सेना के टैंको को घुसने से रोकने के लिए खुद को पुल के साथ उड़ा लिया। जिसकी वजह से रूसी सैनिको को दूसरे छोर पर जाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। ऐसे में इस यूक्रेन सैनिक के बलिदान की चौतरफा तारीफ हो रही है।



यूक्रेनी सैनिक ने ऐसे उड़ाया था पुल

खुद को पुल के साथ उड़ाने वाले सैनिक की पहचान मरीन बटालियन इंजीनियर विटाली शकुन के तौर पर हुई है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ऑफ ऑर्म्ड फोर्सेज ने खुद इसकी पुष्टि की है। उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर बताया कि बटालियन ने रूसी सेना को रोकने के लिए पुल को उड़ाने का निर्णय किया। ऐसे में पुल के चारों तरफ विस्फोटक लगा दिए गए लेकिन वहां से बाहर निकलने का समय कम था और धमाका करने वाले सैनिक की मौत भी निश्चित थी। ऐसे में विटाली शकुन ने मैसेज भेजा की वह पुल को उड़ाने जा रहे हैं और फिर कुछ वक्त बाद धमाके की आवाज आई। इस मुश्किल वक्त में सभी यूक्रेनी एक साथ खड़े हैं। यूक्रेनी लोग सभी दिशाओं से रूसी सैनिकों को खदेड़ रहे हैं।

यूक्रेन पर कब्जा नहीं करेगा रूस ?

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को देश की सुरक्षा परिषद के साथ एक बैठक की थी। जिसमें उन्होंने दावा किया था कि रूसी सेना यूक्रेन पर कब्जा नहीं करेंगे। इसके साथ ही हम यूक्रेन को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के सलाहकार मिखाइलो पोदोलिक ने बताया कि रूस कीव पर कब्जा करना चाहता है और देश के नेतृत्व को नष्ट करना चाहता है लेकिन रूसी सेना कोई बढ़त हासिल करने में विफल रही है।

### देश प्रेमी यूक्रेनी महिला रूस के हथियारबंद सैनिक से भिड़ी, लोगों ने की सराहना

कीव। रूस-यूक्रेन में जारी घमासान के बीच सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें एक यूक्रेनी महिला हथियारबंद रूसी सैनिक से भिड़ती नजर आ रही हैं। महिला को रूसी सैनिक समझाने की कोशिश करते हैं, लेकिन महिला ने रूसी सैनिक को जो जवाब दिया उसके बाद से उसकी खूब सराहना हो रही है। दरअसल, बीच सड़क पर महिला हथियारबंद रूसी सैनिक से भिड़ जाती है। उसे खूब खरी-खोटी सुनाती है। उसे रूसी सैनिक शांत रहने को कहता है, जिसके बाद महिला जवाब देती है कि तुमने हमारी जमीन पर कब्जा किया है। तुम फासीवादी हो! तुम बंदूकों के साथ हमारी जमीन पर क्या कर रहे हो? फिर महिला ने रूसी सैनिक से पॉकेट में सूरजमुखी का बीज रखने को कहा और बोला कि तुम्हारी मिट्टी से भी सूरजमुखी ही उगेंगे। इस वीडियो को देख महिला के साहस की सराहना हो रही है। एक ट्विटर यूजर ने कहा, 'यूक्रेन में आने वाले दिन और रात लंबे और कठिन होने की आशंका है। लगता है कि पुतिन जितना बर्दाश्त कर सकते हैं उससे ज्यादा उन्हें मिलने वाला है।' इधर, क्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा है कि तीन दिनों के युद्ध में उनके 137 हीरोज ने जान गंवाई हैं। इनमें 10 सैन्य अधिकारी हैं। यूक्रेन की सेना का दावा है कि उन्होंने 1000 से ज्यादा रूसी सैनिकों को मार गिराया है। वहीं रूसी रक्षा मंत्रालय का दावा है कि उन्होंने यूक्रेन के 211 सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है।



कुवैत के राष्ट्रीय और मुक्ति दिवस समारोह के दौरान सैन्य शो में प्रदर्शित किए गए हथियारों को देखते नागरिक।

## विश्व बैंक के भारत प्रमुख जुनैद कमाल अहमद संस्थान के उपाध्यक्ष नियुक्त

वाशिंगटन । विश्व बैंक के भारत प्रमुख जुनैद कमाल अहमद को ऋण देने के अंतरराष्ट्रीय संस्थान का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, अहमद उपाध्यक्ष, ऑपरेशंस के तौर पर बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (एमआईजीए) का नेतृत्व करेगा। वह दूसरे बांग्लादेशी नागरिक हैं, जिन्हें विश्व बैंक के इतिहास में इतने बड़े पद पर नियुक्त किया गया है।





अहमद 18 अप्रैल से नया पद संभालने वाले है। फैसल चौधरी पहले बांग्लादेशी नागरिक थे, जो ऑपरेशंस, उपाध्यक्ष बने थे। अहमद ने कहा, हमारी (विश्व बैंक) भारत के साथ साझेदारी दुनियाभर की चीजों को सीखने और साझा करने दे रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात हैं कि जैसे ही भारत का आर्थिक विकास होता है, तब वैश्विक वृद्धि और गरीबी पर असर सबसे अहम है।' अहमद सितंबर 2016 से भारत में विश्व बैंक के निदेशक रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास को वित्तपोषण देने में चुनौती दीर्घकालीन पूंजी बाजार को जुटाने में है। उन्होंने कहा, अगर आप विकास की चुनौतियों को देखे, चाहे वह महामारी से निपटना हो, जलवायु परिवर्तन से निपटना या बुनियादी ढांचे से निपटना हो, इन सभी में दीर्घकालीन धन की आवश्यकता होगी।'

# नहीं थम रहा युद्ध! कीव की सड़कों पर घमासान शुरू, मची अफरा-तफरी

**कीव। (एजेंसी)**

रूसी सैनिकों ने शनिवार को यूक्रेन की राजधानी कीव में प्रवेश किया और सड़कों पर घमासान शुरू हो गया है। इस बीच स्थानीय अधिकारियों ने लोगों से खिड़कियों से दूर रहने और सही जगह पनाह लेने की अपील की है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति ने वहां से निकल जाने के अमेरिकी प्रस्ताव को मानने से इनकार कर दिया है तथा जोर देकर कहा है कि वह राजधानी में ही रुकेंगे। उन्होंने कहा, 'यहां जंग जारी है।' यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि कीव में सैनिक कितनी दूर आगे बढ़ चुके है। यूक्रेनी अधिकारियों ने हमलों को रोकने में कुछ सफलता हासिल करने की सूचना दी, लेकिन राजधानी के पास लड़ाई जारी रही। दो दिनों के घमासान के बाद हुई झड़पों में सैकड़ों लोग हताहत हुए हैं और पुलों, विद्यालयों और अपार्टमेंट की इमारतों को भारी नुकसान हुआ है।

अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन की सरकार को उखाड़ फेंकने और इसे अपने शासन के अधीन करने को कृतसंकल्प हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को फिर से आश्वासन दिया कि देश की सेना रूसी आक्रमण का सामना करेगी। राजधानी कीव में एक सड़क पर रिकॉर्ड की गई एक वीडियो में, उन्होंने कहा कि उन्होंने शहर नहीं छोड़ा है और यह दावा झूठा है कि यूक्रेनी सेना हथियार डाल देगी। उन्होंने कहा, 'हम हथियार नहीं डालने जा रहे हैं। हम अपने देश की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा, 'सच्चाई यह है कि यह हमारी जमीन है, हमारा देश



है, हमारे बच्चे हैं। और हम उस सबका बचाव करेंगे।' यह हमला दुनिया का नया नक्शा खींचने और मॉस्को के शीत युद्ध काल के प्रभाव को पुनर्जीवित करने के लिए पुतिन के सबसे साहसिक प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है। इसके परिणामस्वरूप, इस आक्रमण को समाप्त करने के लिए नए अंतरराष्ट्रीय प्रयास शुरू हुए हैं, जिनमें पुतिन पर सीधे तौर पर प्रतिबंध भी शामिल हैं। विस्फोटों और बंदूकों की आवाज से दहल रहे कीव का भविष्य अधर में है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदोमीर जेलेंस्की ने संघर्षविराम की अपील की तथा अपने हताश बयान में चेतावनी दी कि देश के कई शहरों पर हमले किये जा रहे हैं।

एक वरिष्ठ अमेरिकी खुफिया अधिकारी के अनुसार अमेरिकी प्रशासन की ओर से जेलेंस्की को कीव से निकल जाने की सलाह दी गयी है, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया है। अधिकारी इस मामले से सीधे तौर पर जुड़े हैं। अधिकारी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति को उद्धृत किया, 'युद्ध जारी है और उन्हें तोप-रोधी गोला-बारूद चाहिए न कि भाग निकलने की सलाह।' इस बीच कीव के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे कहीं पनाह ले लें। खिड़कियों से दूर रहें और उड़ते हुए मलबों एवं गोलियों से बचने के लिए सावधानी बरतें। क्रेमलिन ने कीव के बातचीत के प्रस्ताव को मंजूर किया है, लेकिनप्रतीत होता है कि यह प्रयास राजनयिक समाधान के बजाय उलझे जेलेंस्की को दबाव में लाकर विवश करना है। रूसी सेना ने शुक्रवार को दक्षिणी यूक्रेन के मेलितोपोल शहर पर अपना दावा करते हुए आगे बढ़ना जारी रखा। फिर भी, युद्ध में यह स्पष्ट नहीं था कि यूक्रेन का कितना हिस्सा अभी भी यूक्रेनी नियंत्रण में है और कितने हिस्से पर रूसी सेना ने कब्जा कर लिया। यूक्रेन की सेना ने कीव से 25 मील (40 किमी) दक्षिण में एक शहर, वासिलकिव के पास द्वितीय-76 रूसी परिवहन विमान को मार गिराने की सूचना दी, जिसकी पुष्टि एक वरिष्ठ अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने की। रूसी सेना ने हालांकि इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की। यूक्रेनी अधिकारियों ने लड़ाई के पहले पूरे दिन में अपनी ओर से 137 लोगों की मौत की सूचना दी और रूसी पक्ष से सैकड़ों के मारे जाने का दावा किया। रूसी अधिकारियों ने हताहतों का कोई आंकड़ा जारी नहीं किया है।

## भारत और रूस की दोस्ती पर अमेरिका ने दिया बड़ा बयान, पाकिस्तान के स्टैंड को लेकर कही ये बात

**वाशिंगटन (एजेंसी)**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के लिए एक बड़ी चुनौती थी। उसे अपने दोस्त रूस और रणनीतिक साझेदार अमेरिका में से किसी एक का चयन करना था। ऐसे में रूस के खिलाफ लाए गए निंदा प्रस्ताव में वोटिंग से परहेज कर भारत ने फिलहाल दोनों हितों को साधने की कोशिश की है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने कहा कि भारत के रूस के साथ संबंध, अमेरिका और रूस के बीच संबंधों से अलहदा है और इसमें परेशानी की कोई बात नहीं है।

अमेरिका ने कहा कि उसने रूस के साथ संबंध रखने वाले हर देश से नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को सुरक्षित रखने में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने को कहा है। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि भारत के साथ अमेरिका के अहम हित और मूल्य जुड़े हुए हैं। प्राइस ने शुक्रवार को दौनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'भारत के साथ हमारे अहम हित जुड़े हुए हैं। हम भारत के साथ अहम मूल्य साझा करते हैं, और हम जानते हैं कि भारत के रूस के साथ संबंध उन संबंधों से अलग हैं जो हमारे और रूस के बीच हैं और सही में इसमें कोई परेशानी की बात नहीं है।'

गौरतलब है कि यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई को लेकर सहमति वाले प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने स्थानीय समयनुसार शुक्रवार और भारतीय समयनुसार शनिवार सुबह वोटिंग की गई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, नार्वे, आयरलैंड, अल्बानिया, गबोन, मैक्सिको, ब्राजील, घाना और केन्या ने निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया। वहीं भारत के लिए इसमें रूस और अमेरिका में से किसी एक का साथ देना था। भारत ने बहुत ही समझदारी दिखाते हुए रूस के हमले की निंदा तो की लेकिन वोटिंग से परहेज किया।


**पाकिस्तान को लेकर कही ये बात**

यूक्रेन पर रूसी हमले के बीच पाकिस्तान के रुख पर जब नेट प्राइस से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अमेरिका ने पहले ही पाकिस्तान को इस बात से अवगत करा दिया था कि रूसी आक्रमण का खतरा है और अब यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का मतलब क्या है। उन्होंने कहा, 'भारत की तरह ही पाकिस्तान भी ठीक तरह से ये जानता है कि इस युद्ध में हम कहां खड़े हैं। यहां फिर से उन नियमों, मानदंडों और दिशानिर्देशों की बात आ जाती है जो भारत, पाकिस्तान, अमेरिका सभी को, रूस को भी लाभ पहुंचाते हैं।

## अमेरिका बोला- भारत-रूस के संबंध अमेरिका और रूस के संबंधों से अलग हैं, और इसमें कोई परेशानी की बात नहीं

**वाशिंगटन (एजेंसी)**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने कहा कि भारत के रूस के साथ संबंध, अमेरिका और रूस के बीच संबंधों से अलहदा है और इसमें परेशानी की कोई बात नहीं है। अमेरिका ने साथ ही कहा कि उसने रूस के साथ संबंध रखने वाले हर देश से नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को सुरक्षित रखने में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने को कहा है। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि भारत के साथ अमेरिका के अहम हित और मूल्य जुड़े हुए हैं। प्राइस ने शुक्रवार को दौनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत के साथ हमारे अहम हित जुड़े हुए हैं। हम भारत के साथ अहम मूल्य साझा करते हैं, और हम जानते हैं कि भारत के रूस के साथ संबंध उन संबंधों से अलग हैं जो हमारे और रूस के बीच हैं। और सही में इसमें कोई परेशानी की बात नहीं है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, भारत के रूस के साथ मजबूत रिश्ते हैं,जो हमारे यकीनन नहीं हैं। भारत और रूस के बीच रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में संबंध हैं,जो हमरे बीच नहीं है हमने प्रत्येक देश से कहा है कि जिनके संबंध हैं और जो लाभ ले सकते हैं वे उसका इस्तेमाल रचनात्मक तरीके से करें।गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को पूर्वी यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान की घोषणा की और उसके बाद से दोनों देशों के बीच हमले जारी है। इस हमलों के लिए रूस की चौतरफा आलोचना हो रही है और अमेरिका सहित कई देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं। प्राइस ने कहा कि अमेरिका की भारत के साथ व्यापक रणनीति साझेदारी है।



# एक थे अशरफ गनी जो संकट में भाग गये थे, एक हैं यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की, आखिरी सांस तक लड़ने की कसम खायी

**वारसा। (एजेंसी)**

20 साल बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मई 2021 में अफगानिस्तान से अपनी सेना वापस बुलाने का ऐलान किया। 1 मई से अफगानिस्तान से जैसे-जैसे अमेरिकी सेना वापस आने लगी वैसे-वैसे अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा होने लगा। ताबिलान ने काबुल पर बम गिराए और लड़ाकों से सड़कों पर खून बहाना शुरू कर दिया। राजधानी पर ताबिलान का कब्जा हुआ और देखते ही देखते पूरे देश पर तालिबान का राज हो गया। अफगानिस्तानी सेना और तालिबानी युद्ध के दौरान हमने देखा की देश के राष्ट्रपति अशरफ गनी अपनी जनता को छोड़कर रातों रात अरबों रुपये लेकर देश छोड़कर भाग गये। वहीं एक बार विश्व में युद्ध की स्थिति फिर बन गयी हैं। रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया है। यूक्रेन पर कब्जे के लिए रूस की सेना लागातार यूक्रेन के अलग-अलग इलाकों पर बमबारी कर रही हैं।

सेना का जवान किसी भी देश का हो उसके अंदर देश के लिए जान न्योछावर कर देने की जो हिम्मत होती है उस हिम्मत को सलाम। रूस के सामने यूक्रेन एक बेहद ही छोटा देश है। अकेले कितने दिन ही रूस के सामने वह टिक पाएगा यह सभी को अंदर से पता है लेकिन यूक्रेन की हिम्मत इस समय पूरी दुनियाभर देख रही है। जहां यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के सामने हथियार डालने से इंकार कर दिया है और साहस के साथ रशिया से खिलाफ युद्ध कर रह है यह जज्बा पूरी दुनिया के सामने हैं।

सबसे ज्यादा इस समय यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने लोगों का दिल जीत लिया है। उन्होंने अपने देश की जानता को मुसिबत में अकेला नहीं छोड़ा। वह लगातार अपने नागरिकों के साथ खड़े हैं और देश की रक्षा के लिए हर मुमकिन प्रयार कर रहे हैं। जहां एक तरफ अशरफ गनी अपने देश को छोड़कर रातों रात भाग गये थे वहीं दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की है जो लगातार अपने देश के साथ खड़े हुए हैं।

रूसी सैनिकों ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर शुक्रवार को हमला शुरू दिया। सरकारी इमारतों के निकट गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें गूंज रही थीं। रूस की इस कार्रवाई से यूरोप में व्यापक युद्ध की आशंका पैदा हो गई है वहीं उसे रोकने के लिए दुनियाभर में प्रयास भी शुरू हो गए हैं। युद्ध से सैकड़ों लोगों के हताहत होने की सूचनाओं के बीच कीव में इमारतों, पुलों और स्कूलों के सामने भी गोलीबारी और विस्फोटों की घटनाएं हुई हैं। इस बात के भी संकेत बढ़ रहे थे कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन की मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया के नक्शे में बदलाव करने और रूस के शीतयुद्ध कालीन प्रभाव को बहाल करने के लिए यह पुतिन का अभी तक का सबसे बड़ा कदम है।

दुनिया ने अबतक दो विश्व युद्ध देखें हैं जिसमें सालों तक जंग लड़ी गयी लेकिन खून के सिवा और कुछ नहीं मिला। जो हारा वो खत्म हो गया लेकिन जो जीता वो भी काफी हद तक तबाह हो गया। विश्व की सबसे बड़ी ताकत ब्रिटेन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। एक वक्त था ब्रिटेन का आधी दुनिया पर कब्जा था लेकिन दूसके विश्व युद्ध के बाद उसके कमर टूट गयी। दूसरे विश्व युद्ध के बाद विश्व की सबसे बड़ी ताकत के रूप में अमेरिका और रूस उभरा था। अमेरिका-रूस में लंबे समय तक शीत युद्ध चला लेकिन सभी को पता था कि यदि युद्ध हुआ तो दोनों तबहा हो जाएंगे। दुनिया तीसरे विश्व युद्ध को झलने की स्थिति में नहीं हैं। हालात बहुत नाजुक है अभी दुनिया कोरोना महामारी से ही लड़ रही थी कि रूस ने यूक्रेन पर हमला करके एक और बड़ी समस्या को विश्व के सामने खड़ा कर दिया है।





# सुसाइड नोट लिखकर डिस्कवरी सोसाइटी के टॉप फ्लोर से कूदा दसवीं का छात्र, हुई मौत

## मुकदमा दर्ज

फरीदाबाद की आवाज (उमेश शर्मा)

**फरीदाबाद।** बीपीटीपी थाना क्षेत्र के डिस्कवरी सोसाइटी में अपनी माँ के साथ रहने वाला डीपीएस स्कूल के छात्र द्वारा बिल्डिंग के सबसे ऊपरी मंजिल से कूद कर आत्महत्या करने की घटना पर पुलिस ने शिकायत मिलने पर कार्रवाई शुरू कर दी है।




पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने इस बारे में पुलिस को प्राप्त शिकायत के अनुसार, जानकारी देते हुए बताया कि घटना बीपीटीपी थानाक्षेत्र की है। यहाँ डिस्कवरी सोसाइटी में माँ आरती अपने बेटे आरवी के साथ रहती थी। आरती डीपीएस स्कूल में अध्यापिका हैं और मृतक आरवी उसी स्कूल में दसवीं क्लास का छात्र था। पिछले साल स्कूल के दो बच्चों ने आरवी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते थे। इस बात की शिकायत आरवी ने स्कूल प्रशासन से की। किन्तु डीपीएस प्रशासन ने शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। इस घटना से आहत होकर आरवी डिप्रेशन में चल रहा था। आरवी के मानसिक बीमारी का ईलाज भी चल रहा था। लॉक डाउन होने की वजह से स्कूल बंद होने के कारण आरवी स्कूल नहीं जा रहा था। स्कूल खुलने और मैट्रिक की परीक्षा नजदीक होने पर आरवी ने स्कूल जाना शुरू कर दिया। आरवी मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस करने के कारण विज्ञान विषय के न्यूमेरिकल में स्कूल की एक शिक्षिका से सहयोग करने का निवेदन कर रहा था। किन्तु शिक्षिका ने भी आरवी से कोई सहानूभुति नहीं दिखाई और मां-बेटे दोनों पर फालतू परेशान करने का आरोप लगा टीका टिप्पणी करी। 24 फरवरी की शाम आरवी की माँ आरती घर से बाहर थी। उसी समय उसे फोन आया कि उसका बेटा आरवी सोसायटी के टॉप फ्लोर से कूद गया है और उसे गंभीर चोट लगी है। सोसायटी वाले आरवी को लेकर सेक्टर-7 स्थित मेट्रो हॉस्पिटल जा रहे हैं। आरती बीच रास्ते से ही अस्पताल की ओर चल पड़ी। अस्पताल पहुँचने पर आरती को पता चला कि डॉक्टर ने आरवी को मृत घोषित कर दिया है। मृतक आरवी ने घर पर एक सुसाइड नोट लिख कर छोड़ दिया था। सुसाइड नोट में मृतक ने अपनी मां को बहादुर महिला बताते हुए बच्चों व डीपीएस स्कूल प्रशासन द्वारा उसे प्रताड़ित करने के कारण अपना जीवन समाप्त करना लिखा है।

पुलिस को इस घटना की सुचना मिलते ही डीसीपी सेन्ट्रल मुकेश मल्होत्रा, एसीपी सेन्ट्रल सत्यपाल यादव, क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 के साथ विधि-विज्ञान प्रयोगशाला की टीम घटनास्थल पर पहुँचकर घटना की जानकारी ली व घटना से जुड़े प्रारंभिक साक्ष्य इकट्ठा किया। पुलिस घटना से जुड़ी सभी बिन्दओं की गहनता से जाँच कर रही है कानूनी प्रक्रिया का पालन करती हुई नियमानुसार आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी

# मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत चल रहे कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी-परिवहन मंत्री

फरीदाबाद की आवाज (सतेन्द्र राजपूत)

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़, 25 फरवरी। प्रदेश के परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने आज शुक्रवार को मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत बल्लभगढ़ विधानसभा में चल रहे समस्त कार्यों को लेकर के नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में चल रहे विकास कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली और उसके बाद अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं कि वह समस्त कार्यों को समय से पूरा कराएं अन्यथा कार्यवाही के लिए भी तैयार रहें।

परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत चल रहे कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी पूरी गुणवत्ता के साथ कार्यों को जल्द पूरा करें। उन्होंने खासकर बल्लभगढ़ के मोहना रोड के साथ बनाए जा रहे आरएमसी नाले के कार्य को भी बरसात से पहले पहले पूरा करने की बात कही अधिकारियों ने कहा कि नाली निर्माण में अपनी 1 से 2 महीने का समय लगेगा नाले का 80त्न कार्य पूरा हो चुका है।उन्होंने कहा कि कोरोना समय और एनजीटी के नियमो को देखते हुए काफी समय तक नाले का निर्माण कार्य बंद रहा था अब नाले पर कार्य चला हुआ है। इसके अलावा वार्ड 4 के सेक्टर 22 में बनाया जा रहा इंडोर स्टेडियम के काम को भी जल्द पूरा करने की बात कही। इसमे अलावा बैठक में सेक्टर 3 से तिगांव रोड तक बनाई जा रही चार लाइन सड़क के कार्य को भी जल्द पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए ताकि मार्च माह में इन कार्यों को पूरा होने के बाद जनता को समर्पित किया जा सके। परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के लघु सचिवालय व महिला कॉलेज के निर्माण कार्य को भी जल्द से जल्द पूरा कराए जाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईन प्रदीप सिद्धू को दिशा निर्देश दिए हैं और कहा है कि जल्द ही वह कार्यों को पूरा करा दें, इन दोनों इमारतों का प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल लोकार्पण करेंगे। उससे पहले यह समस्त कार्य पूरे होने चाहिए। इस मौके पर परिवहन मंत्री के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा, मुख्यमंत्री शिकायत समिति बल्लबगढ के सदस्य पारस जैन, नगर निगम के अधिकारियों में एससी ओमबीर सिंह, एक्सईन अमरजीत बीसला, एक्सईन पदम् भूषण, समस्त वार्डो के एसडीओ और जेई मौजूद रहे। बैठक के उपरांत परिवहन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने सेक्टर 2 में निर्माणाधीन महिला कालेज की इमारत का दौरा किया और मोहना रोड के साथ बनाये जा रहे आरएमसी नाले के कार्य का निरक्षण कर ठेकेदार को ज्यादा लेबर बढ़ाकर कार्य को जल्द ही पूरा कराने के लिए बात कही।

# विश्वविद्यालय में शोध तथा शोधकर्ताओं को दिया जायेगा प्रोत्साहनः प्रो. सुशील कुमार तोमर



फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विश्वविद्यालय में अनुसंधान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा शोधकर्ताओं को उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने के लिए अधिक से अधिक अवसर प्रदान किए जाएंगे।

प्रो. तोमर विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन 'मॉब' के अध्यक्ष श्री सुखदेव सिंह के नेतृत्व में आये एक प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रहे थे, जिन्होंने आज उनसे शिष्टाचार भेंट की और कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण करने पर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर डीन, प्लेसमेंट, एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट अफेयर प्रो. विक्रम सिंह, कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और निदेशक, एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट अफेयर डॉ. संजीव गोयल भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

कुलपति ने 'मॉब' प्रतिनिधियों द्वारा विश्वविद्यालय एवं उद्योग के बीच जुड़ाव और उद्योग उन्मुख अनुसंधान को बढ़ावा देने को लेकर रखे गए विचार की सराहना की। प्रो. तोमर, जो खुद एक प्रबुद्ध शोधकर्ता भी हैं, ने कहा कि उनका मानना है कि शोध समाधान आधारित होने चाहिए और इसका लाभ समाज को पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी के शोध कार्यों की प्रस्तुति (सबमिशन) से पहले शोध कार्य का प्रस्तुतिकरण (प्रेजेंटेशन) औद्योगिक प्रतिनिधित्व वाली तकनीकी समिति के समक्ष करने का प्रावधान कर सकता है, जिससे शोध कार्यों का व्यवहारिक अनुप्रयोग बढ़ेगी।

इससे पहले, मॉब अध्यक्ष श्री सुखदेव सिंह ने एसोसिएशन के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने बताया कि एलुमनाई एसोसिएशन का गठन वर्ष 1985 में लगभग 70 सक्रिय सदस्यों के साथ हुआ था और अब इसके 10 हजार से अधिक सदस्य हैं जो डिजिटल रूप से जुड़े हुए हैं। मॉब के सचिव श्री अनिल भारद्वाज ने अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के छात्रों को सहयोग देने के अलावा एसोसिएशन का विश्वव्यापी नेटवर्क है जो अमेरिका, इंग्लैंड और मध्य-पूर्व के देशों में सक्रिय उप-समूहों के रूप में एसोसिएशन के सदस्यों को व्यावसायिक और व्यक्तिगत सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कुलपति से विश्वविद्यालय को अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। एसोसिएशन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों की मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की और विश्वविद्यालय को भविष्य में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कुलपति ने विश्वविद्यालय के साथ पूर्व छात्रों के मजबूत जुड़ाव की सराहना की, और शिष्टाचार मुलाकात के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित एसोसिएशन के पदाधिकारियों में श्री अनिल कुमार भारद्वाज, श्री अशोक नेहरा, श्री मोहित वोहरा, श्री अभिषेक, श्री सुनील शर्मा, डॉ. सोनिया बंसल और श्री मनीष प्रधान भी शामिल रहे।

# विद्यालय में प्री बोर्ड परीक्षाएं आरंभ

फरीदाबाद की आवाज (सतेन्द्र राजपूत)

**फरीदाबाद।** बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन फरीदाबाद में कक्षा दसवीं और बारहवीं की प्री बोर्ड परीक्षा करवाई जा रही हैं। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि एस एम सी अध्यक्ष ज्योति गुलाटी और सभी एस एम सी सदस्यों एवम अध्यापकों द्वारा बुलाई गई मीटिंग में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए इन परीक्षाओं का आयोजन किया जाए ताकि छात्राओं को बोर्ड के नवीनतम पैटर्न के अनुसार प्रश्नों के उत्तर देने का अनुभव प्राप्त हो सके। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि सभी विषयों गणित, कॉमर्स, अर्थशास्त्र, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बिजनेस स्टडीज, सोशल स्टडी, बायोलॉजी, अंग्रेजी एवम हिंदी के अध्यापकों ने बोर्ड द्वारा निर्धारित स्टाइल से प्रश्न पत्र तैयार किए हैं। छात्राएं भी इस प्रकार से सभी विषयों का रिवीजन कर तैयारी कर रही है। छात्राओं की परीक्षा से पूर्व संबंधित विषय के डाउट्स का निवारण कर प्रमुख प्रमुख टॉपिक्स को पुनः रिवाइज करवाया जा रहा है। छात्राओं को यह भी बताया जा रहा है कि प्री बोर्ड परीक्षा के उपरांत जिस विषय में उन्हें लगता है कि अधिक परिश्रम की आवश्यकता है, उन्ही विषयों पर अधिक फोकस करें। प्री बोर्ड परीक्षा में लो परफॉर्मेंस वाली छात्राओं के अभिभावकों की बैठक भी आयोजित की जाएगी ताकि उन्हें भी बच्चों की अच्छी तैयारी के लिए मोटीवेट किया जा सके। प्राचार्य मनचंदा ने सभी अध्यापकों ललिता, सतबीर पवार, सोनिया, जसनीत कौर, पूनम, हेमा, शिवानी, आशा, सविता, निशा, प्रियंका, सोनिया, कविता, शीतू, मोनिका, गीता, शिवम और ममता सहित सभी अध्यापकों का अभिनंदन करते हुए आह्वान किया कि सभी छात्राओं को बोर्ड के सैंपल पेपर्स का निरंतर अभ्यास करवाएं जिस से सभी बच्चों में आत्मविश्वास में वृद्धि हो और वे वार्षिक परीक्षाओं में अच्छी तैयारी के साथ प्रश्न पत्रों का उत्तर दें। प्राचार्य ने विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ज्योति गुलाटी आदि।

# मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी झाडू प्रदर्शन करते हुए

फरीदाबाद की आवाज (योगेन्द्र अरोड़ा)

**फरीदाबाद।** नगर निगम कर्मचारियों ने आज हाथों में उल्टी झाडू लेकर प्रदर्शन करते हुए सरकार से पूर्व में किये गए समझौतों को लागू करने व मांगों को पूरा करने के नारे लगा रहे थे। कर्मचारी भोजन अवकाश के समय निगम मुख्यालय पर एकत्रित हुए जहां विशाल जनसभा का आयोजन नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान गुरुचरण खांडिया की अध्यक्षता में किया गया। इसके बाद बी.के.चौक से नीलम चोक तक जोरदार झाडू प्रदर्शन किया। अब ये कर्मचारी आगामी 2 व 3 मार्च को सभी पालिकाओं, नगर परिषदों, नगर निगमों के समस्त कर्मचारी क्रमिक अनशन कर 6 मार्च को शहरी स्थानीय निकायों एवं अग्निशमन विभाग के हजारों कर्मचारी शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के हिसार स्थित आवास पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेंगे और प्रदर्शन के मंच से करेंगे बड़े आंदोलन का ऐलान। आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य उपमहासचिव सुनील चिंडालिया, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव बलवीर सिंह बालगुहेर मौजूद रहे तथा सीवर मेन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया, इलेक्ट्रिशन यूनियन के प्रधान मनोज शर्मा, वाटर सप्लाई के प्रधान देवी चरण, सचिव राम रतन, ड्राइवर यूनियन के प्रधान परशराम अधाना, वेद भड़ाना, बेलदार यूनियन के प्रधान साहबुद्दीन खान, सैनिटेशन यूनियन के प्रधान शिवकुमार, वरिष्ठ नेता दलीप बोहत आदि नेता उपस्थित रहे। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के उपमहासचिव सुनील चिंडालिया व संघ के जिला प्रधान गुरुचरण खांडिया ने सरकार पर कर्मचारी और दलित विरोधी होने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने ग्रुप डी की भर्ती में एक भी सीवरमैन और सफाई कर्मचारी की भर्ती सरकार ने नहीं की है, उल्टा एक्स ग्रेसिया में नौकरी लगने वाले सीवरमैनों के आश्रितों को सीवर मेन के पद पर नियुक्ति देने पर ही पाबंदी लगा दी है।

# लोगों के लिए मूलभूत विकास कार्यों की नहीं रहने दी जाएगी कमी : कृष्णपाल गुर्जर

**फरीदाबाद।** केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि लोगों के लिए सिवरेज, बिजली पानी व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। फरीदाबाद का चहुमुखी विकास उनका पहला लक्ष्य है। उन्होंने आज शुक्रवार को गांव अंगनपुर में मनोज भडाना के घर से नवला की ढाणी तक बनने वाली गली को ईंटल लँकिंग टाइल से बनाने का शुभारंभ गणमान्य नागरिकों के हाथों तुड़वा कर किया। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की नीति से हो विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों से देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास करवाएं जा रहे हैं।





















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338